


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17



5 अहमदाबाद में होगा आईपीएल का फाइनल | सम्पादकीय | जंग के मैदान पर मसलों का हल.. | बुमराह कप्तानी डिजर्व करते हैं- अश्विन 5




वर्ष 23 ● अंक 17 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | मुरैना, बुधवार 14 मई 2025 | email - hindustanexpressbhopal@gmail.com, hindustanexpresshe@gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## आतंकी चैन से रह सकें ऐसा कोई ठिकाना पाकिस्तान में नहीं: नरेन्द्र मोदी

आर.एन.एस

**आदमपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया।

मोदी ने कहा, भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक



नींद नहीं आएगी। पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है।

आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है। आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं। कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है। आपने सिद्ध कर दिया है कि आप इस गेम में दुनिया में बेहतरीन हैं। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गई है।

### मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान

पीएम मोदी ने कहा कि यह अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर में मैन पावर के साथ ही मशीन का कोऑर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। भारत के पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश जैसे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म, एस-400 जैसे आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व मजबूती दी है। एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन पर आंच तक नहीं आई। इसका श्रेय आप सभी को जाता है। पाकिस्तान के ड्रोन, उसके यूएवी, एयरक्राफ्ट, मिसाइलें हमारे सशक्त एयर डिफेंस के सामने ढेर हो गए। मैं देश के सभी एयरबेस से जुड़ी लीडरशिप, एयर वॉरियर की हृदय से सराहना करता हूं।

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को यूथ हॉस्टल की स्मारिका भेंट की गई

**ग्वालियर।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन मध्यप्रदेश राज्य शाखा के स्वर्ण जयंती के अवसर पर प्रकाशित स्मारिका घुमंतू मंगलवार को केंद्रीय मंत्री व यूथ हॉस्टल ग्वालियर के मुख्य संरक्षक ज्योतिरादित्य सिंधिया को नई दिल्ली मंत्रालय में पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल व रामनारायण मिश्रा ने भेंट की। साथ ही केन्द्रीय मंत्री को यूथ हॉस्टल की साहसिक, एडवेंचर, जल संरक्षण व



सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने पर्यावरण, पर्यटन के क्षेत्र में अधिक कार्य करने पर बल दिया और कहा कि ग्वालियर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये बहुत संभावनाएं है। प्रतिनिधि मंडल में यूथ हॉस्टल के संरक्षक रमेश अग्रवाल पूर्व विधायक, सचिव व प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, डॉ राकेश रायजादा, डॉ अंजली रायजादा, गुड्डू वारसी, आनंद सावंत, डॉ नरेश देव शामिल थे।

## सीएम डॉ. यादव बेंगलुरु में आज इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश रोड शो में निवेशकों से होंगे रुबरु

### बीईएमएल के साथ औद्योगिक साझेदारी को मिलेगा नया विस्तार

### इन्वेस्ट इन एमपी सत्र में प्रमुख उद्योग समूह होंगे शामिल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई ऊंचाई देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 मई को बेंगलुरु में सीइन्वेस्ट इन एमपीसी सत्र में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बीईएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) परिसर का भ्रमण करेंगे, साथ ही 2100वें मेट्रो कोच के लोकार्पण समारोह में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज़ इन मध्यप्रदेश' विषय पर आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को देश के अग्रणी निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

**बीईएमएल परिसर में रहेगा कार्यक्रमों का सिलसिला**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेंगलुरु पहुंचने के बाद बीईएमएल परिसर जाएंगे, जहां उनका स्वागत बीईएमएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और बोर्ड के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। बीईएमएल शॉप विज़िट के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेट्रो कोच लोकार्पण और टेस्ट राइड में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत वे इंटीग्रेटेड डिज़ाइन सेंटर का भ्रमण करेंगे और बीईएमएल के भोपाल संयंत्र पर प्रस्तुति देखेंगे। बीईएमएल द्वारा मध्यप्रदेश में स्थापित की जा रही इकाई के लिए ज़मीन आवंटन पत्र सौंपे जाने की औपचारिकता भी इस अवसर पर होगी।



**बेंगलुरु में 'इन्वेस्ट इन एमपी' सत्र में होगा राज्य की औद्योगिक ताकत का प्रदर्शन**

द लीला पैलेस में आयोजित इन्टरैक्टिव सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योग समूहों, निवेशकों और टेक्नोलॉजी कंपनियों से संवाद करेंगे। इस सत्र में मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीतियों, अधोसंरचना और क्षेत्रवार निवेश अवसरों पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।

प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेंद्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे तथा प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला शामिल मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर निवेशकों जानकारी देंगे ।

**निवेशकों के साथ होंगे वन-टू-वन मीटिंग**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकों के माध्यम से सीधे संवाद करेंगे। इन संवादों में आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, ऑटोमोबाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर के प्रमुख निवेशक शामिल होंगे।

**मध्यप्रदेश बन रहा है 'मेक इन इंडिया' का भरोसेमंद प्लेटफॉर्म**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश लगातार एक मजबूत औद्योगिक आधार तैयार कर रहा है। देश के बड़े औद्योगिक समूहों के साथ संवाद की यह श्रृंखला राज्य को निवेश के नए क्षितिज की ओर ले जा रही है, जहां नीति, संसाधन और नेतृत्व तीनों ही स्तर पर उद्योगों को सुरक्षित और गतिशील मंच प्राप्त हो रहा है।

भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, जो मेट्रो रेल कोच, रक्षा उपकरण, खनन एवं निर्माण मशीनरी के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बेंगलुरु स्थित इसका विनिर्माण परिसर आधुनिक इंजीनियरिंग और स्वदेशी तकनीक का प्रतिनिधित्व करता है, और यह आत्मनिर्भर भारत के विजन में महत्त्वपूर्ण भागीदार है।

## सांसद कुशवाह ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से की मुलाकात

**ग्वालियर।** सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भोपाल में मुलाकात की। ग्वालियर लोकसभा के विकास कार्यों और आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। लोकसभा क्षेत्र ग्वालियर के विकास से संबंधित भारत सरकार को प्रेषित किए जाने वाले अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर अवगत कराया गया एवं संबंधित प्रोजेक्ट को भारत सरकार को शीघ्र प्रेषित करने हेतु अनुरोध किया गया। इसी प्रकार राज्य सर कार को लोकसभा क्षेत्र जिला ग्वालियर एवं शिवपुरी के प्रेषित प्रोजेक्ट को मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, सेतु विभाग, पर्यावरण, ग्रामीण विकास एवं संस्कृति और पर्यटनविभाग से संबंधित प्रोजेक्ट पर विस्तृत चर्चा कर शीघ्र स्वीकृति हेतु भी मुख्यमंत्री से निवेदन किया। इन सभी बिंदुओं पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सकारात्मक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।






# कैट का व्यापारियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर 15 मई को

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर टीम ने ग्वालियर शहर के छोटे और मझले एवं महाराज बाड़े के क्षेत्र के सभी दुकानदारों के लिए एक विशाल चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया है। इस शिविर में सभी जाँचें निःशुल्क की जायेंगी। कैट प्रवक्ता नीरज चौरसिया, अंशुल गुप्ता ने बताया कि मेडीकल शिविर 15 मई 2025, गुरुवार को दोपहर 3 बजे से सिंधी धर्मशाला, खासगी बाजार पर आयोजित किया गया है। शिविर के संयोजक नितिन गोयल दौलतगंज, गोपाल जैसवाल, अशोक अग्रवाल, अरुण गुप्ता आदि ने सभी व्यापारियों से शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है। इसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, हार्ट से संबंधित सभी खून की जाँचें निःशुल्क की जायेंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में कार्डियोलॉजी के डॉ. आदित्य जैन, नेफ्रोलॉजी के डॉ. जितेन्द्र राजपूत, रक्त कैंसर की डॉ. मालिनी, गैस्ट्रोलॉजी के डॉ मयंक महेश्वरी और न्यूरोलॉजी के डॉ. सौरभ राजपूत परीक्षण करेंगे। कैम्प का शुभारम्भ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह वर्धमान करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि गहना ज्वैलर्स के संचालक अजय मंगल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैट म.प्र. अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन करेंगे। इसमें माधवगंज थाना के थाना प्रभारी प्रशांत शर्मा एवं महाराज बाड़े के सब इंस्पेक्टर महेश यादव का भी सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर कैट के जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री विवेक जैन, संभागीय अध्यक्ष दीपक पमनानी, संभागीय महामंत्री मुकेश जैन, सह-महामंत्री मुकेश अग्रवाल, जिला संयोजक दिलीप पंजवानी सहित रेडीमेड होलसेल व्यवसाय संघ के अध्यक्ष गोपाल जैसवाल, सचिव पवन जैन, महाराज अग्रसेन कॉम्पलेक्स एसोसिएशन दर्जी ओली के अध्यक्ष गोपाल जैसवाल, सचिव राकेश अग्रवाल, नजरबाग मार्केट एवं सुभाष मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल छावड़ा, सचिव अनिल केसवानी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कैट पदाधिकारियों ने सभी व्यापारियों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# आर्म रैसलिंग में बिरला नगर का दबदबा, एशियाई प्रतियोगिता में 9 पदक झटके

**ग्वालियर।** देश की राजधानी नई दिल्ली में दिनांक 4 से 11 मई 2025 के बीच एशिया आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप 2025 आयोजित की गई। जिसमें बिरला नगर स्थित आर्म रैसलिंग अकैडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 पदक अपने नाम किए। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 20 देशों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से कजाकिस्तान, जापान, मलेशिया और ईरान जैसे देशों के प्रतिभागी शामिल थे। पदक विजेता खिलाड़ी और उनके वर्ग निम्नानुसार हैं जिसमें निरंजन गुर्जर, पैरा सीटिंग 65 किग्रा राइट हैंड- सिल्वर मेडल, रोहित सिंह, पैरा सीपीयू 60 किग्रा- गोल्ड मेडल, दो ब्रॉन्ज मेडल,



रचना जाटव यूथ वुमन 50 किग्रा राइट हैंड-ब्रॉन्ज मेडल

नरेंद्र प्रजापति स्टैंडिंग 65 किग्रा राइट हैंड- ब्रॉन्ज मेडल

शांतनु राणा सब जूनियर 45 किग्रा- ब्रॉन्ज मेडल,

कार्तिक गुर्जर सब जूनियर 50 किग्रा- सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल

इस उपलब्धि पर ग्वालियर आर्म रैसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ केशव पांडेय, सचिव डॉ आदित्य भदौरिया और मेंबर आशीष ओबेरॉय ने अकैडमी पहुंचकर खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया व भविष्य मे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिनंदन के दौरान खिलाड़ियों के कोच और पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मनीष कुमार ने बताया, ग्वालियर आर्म रैसलिंग अकैडमी अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग प्रदान करती है और हमारे खिलाड़ी लगातार विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

# भोपाल में 18 मई को अपना दल (एस) का चिंतन शिविर

**- प्रदेश प्रभारी के रूप में पहली बार मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल**

**- राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता**

**भोपाल।** अपना दल (एस) का चिंतन शिविर आगामी 18 मई को भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पहली बार प्रदेश प्रभारी के रूप में राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल मध्यप्रदेश का दौरा करेंगे। यह चिंतन शिविर संगठन के आगामी रोडमैप, चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल, प्रदेश और जिला स्तर के सभी प्रमुख पदाधिकारी इस चिंतन शिविर में शामिल होंगे। चिंतन शिविर को लेकर राष्ट्रीय महासचिव आर.बी. सिंह पटेल ने कहा, मध्यप्रदेश में संगठन को मज़बूती देना हमारी पहली



प्राथमिकता है। अपना दल (एस) की नीतियाँ सामाजिक न्याय, युवाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास पर केंद्रित हैं। हम यहां सिर्फ राजनीतिक उपस्थिति के लिए नहीं, बल्कि ज़मीन पर बदलाव लाने आए हैं। यह चिंतन शिविर सिर्फ रणनीति तय करने का मंच नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का अवसर भी है। डॉ. अखिलेश पटेल ने युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा, मध्य प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। यह चिंतन शिविर हमारे लिए आत्मचिंतन के साथ-साथ नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त करने का अवसर है। युवा मंच पूरी मजबूती से गांव-गांव तक अपना दल (एस) की नीतियां पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। चिंतन शिविर के बारे में अधिक जानकारी देते हुए डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) की राजनीतिक यात्रा का यह चौथा चरण है। चिंतन शिविर का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करना और भावी रणनीति पर विचार करना है। प्रदेश प्रभारी के रूप में मा. आर बी सिंह पटेल जी का हम सभी हृदय से स्वागत करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों में उनकी उपस्थिति और मार्गदर्शन हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व की साझा उपस्थिति न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएगी, बल्कि संगठनात्मक विस्तार और 14 अप्रैल को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में शुरू हुए सदस्यता अभियान को भी नई गति देगी। कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी के लिए डॉ. अतुल मलिकराम से 9755020247 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अदाणी सक्षम की मदद से युवाओं को मिल रही नई राह

तकनीक की पहुंच भारत के छोटे शहरों और दूर-दराज़ गांवों में पीढ़ियों, जिलों और लैंगिक भेदभाव के बीच की खाई को ख़त्म कर रही है।





हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले की शानिया देवी और दीक्षा शर्मा ने यह साबित कर दिया है कि सपनों को उड़ान देने के लिए सिर्फ जज़्बा चाहिए। ये कहानी है एकनिष्ठ समर्पण और ऊँचे सपनों से प्रेरित उन किशोरियों की, जो अब अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (जिसे आमतौर पर अदाणी सक्षम कहा जाता है) के विकास की प्रतीक बन चुकीं हैं। यह सेंटर अब बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे मेट्रो शहरों से आगे बढ़कर झारखंड के गोड्डा और हिमाचल प्रदेश के गगल जैसे छोटे शहरों तक पहुँच चुका है, जहां यह पूरे भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कौशल विकास मिशन चला रहा है।

सौभाग्य से, दूरी की चुनौती शानिया और दीक्षा के लिए कोई रुकावट नहीं बनी। उन्हें अदाणी सक्षम (गगल केंद्र) के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण मिला। यह केंद्र हिमाचल प्रदेश का पहला रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (आरपीटीओ) बनने का गौरव भी रखता है।

16 मई 2016 को अदाणी फाउंडेशन द्वारा शुरू किया गया अदाणी सक्षम, सरकार के 'स्किल इंडिया' मिशन को गति देने वाला एक प्रभावशाली कदम है। इसका पाठ्यक्रम ड्रोन संचालन, सिमुलेशन-आधारित प्रशिक्षण, थ्री-डायमेंशनल (3डी) प्रिंटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे आधुनिक विषयों पर आधारित है। यह कार्यक्रम वैश्विक रुझानों के अनुरूप है और एक ऐसा माहौल तैयार करने का प्रयास करता है जो युवाओं को तेजी से डिजिटल होती दुनिया में भविष्य के लिए सक्षम बना सके।

यह स्पष्ट है कि अदाणी सक्षम एक जैसा सभी के लिए उपयुक्त मॉडल नहीं है। यहां पाठ्यक्रम को हाइब्रिड फॉर्मेट में पढ़ाया जाता है, जिसमें वर्चुअल लैब्स और प्रैक्टिकल (हाथों से सीखने वाले) प्रशिक्षण दोनों शामिल होते हैं। यहां प्रतिभागी केवल जानकारी प्राप्त नहीं करते, बल्कि सिमुलेशन चलाते हैं, ड्रोन उड़ाते हैं और वास्तविक समस्याओं का समाधान करते हैं, जैसा कि शानिया और दीक्षा के सफल करियर से साफ़ झलकता है।

एक लंबा सफर

पिछले दिनों को देखें तो शानिया की डिजिटल समझ उसकी साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बिल्कुल विपरीत थी। वह बिलासपुर जिले के छोटे से कस्बे घुमारवीं की रहने वाली है। यह एक ऐसा स्थान है जहां जाने वाली सड़कें पुराने समय की याद दिलाती हैं। घुमारवीं, चीड़ के जंगलों और धुंध से ढके पहाड़ों के बीच बसा एक पारंपरिक पहाड़ी कस्बा है, जहां आज भी इंटरनेट सिग्नल बहुत कमजोर है और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का विचार अब भी किसी दूसरे ग्रह की बात लगती है।

कम उम्र में ही शानिया को जीवन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जब उसके पिता का निधन हो गया। एक ही रात में उसकी मां को पूरे परिवार की ज़िम्मेदारी संभालनी पड़ी और वह एक स्थानीय क्लिनिक में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में काम करने लगीं। हालांकि उनकी मासिक आय बहुत कम थी, लेकिन इस संकल्पित विधवा मां ने ठान लिया था कि अपनी बेटी की पढ़ाई कभी रुकने नहीं देगी, चाहे हालात जैसे भी हों।

सौभाग्य से, शानिया ने स्कूल की पढ़ाई में अच्छी सफलता हासिल की। लेकिन फिर कठोर हकीकत ने उसे मुश्किल से घेर लिया। जल्दी ही उसे यह एहसास हुआ कि उसकी स्किल्स और छोटे शहर की पृष्ठभूमि उच्च प्रतिस्पर्धी नौकरी की कड़ी मांगों के साथ मेल नहीं खातीं। अपने जीवन के सबसे कठिन दौर में, शानिया को अदाणी सक्षम के बारे में पता चला। हालांकि, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) उसे सिर्फ भविष्यवादी नहीं, बल्कि एक अजनबी शब्द जैसा लगता था।

फिर भी, सभी कठिनाइयों को चुनौती देते हुए, शानिया ने अदाणी सक्षम में दाखिला लिया, हालांकि पहले वह थोड़ी हिचकिचा रही थी। शुरुआत में उसे यह यकीन नहीं था कि वह एक भी मॉड्यूल समझ पाएगी। लेकिन जल्द ही, सब कुछ समझ आने लगा। शानिया ने न केवल सीखना शुरू किया, बल्कि उसमें उत्कृष्टता भी हासिल की।

कोर्स पूरा करने के बाद, उसे पहली नौकरी का ऑफर मिला। शुरुआत में वह एटीएस मोहाली में कस्टमर सपोर्ट रोल में थीं, और दो महीने बाद उन्हें नेउरीका टेक्नोलॉजी से प्रोडक्ट असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव का दूसरा जॉब ऑफर मिला, साथ ही वेतन में 35 प्रतिशत का इम्प्रेसिव इन्क्रीमेंट भी मिला। दीक्षा की जीवन कहानी भी शानिया से काफी मिलती-जुलती है। वह बिलासपुर जिले के छकोह गांव में एक सीमांत किसान परिवार में पली-बढ़ी, जहां संसाधन बहुत सीमित थे, लेकिन संस्कार और मूल्य गहराई से रचे-बसे थे। गंभीर आर्थिक तंगी के बावजूद, दिक्षा अपने लक्ष्य को लेकर पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित रही। उसका मानना था कि ज्ञान ही अवसरों का रास्ता खोल सकता है।

दीक्षा किसी विशेष सुविधा या साधन के साथ नहीं आई थी, लेकिन उसके पास एक स्पष्ट उद्देश्य था। जब उसने अदाणी सक्षम के एआई कोर्स में दाखिला लिया, तो वह सिर्फ मशीनों के बारे में नहीं सीख रही थी बल्कि वह ऐसा भविष्य गढ़ना सीख रही थी, जहां ग्रामीण भारत की लड़कियों को जिम्मेदारी और महत्वाकांक्षा के बीच चुनाव ना करना पड़े। दीक्षा ने इस सफर को पकड़े रखा, प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं, बल्कि योगदान देने के लिए।

आज दीक्षा पंजाब की एक कंपनी, एरियल टेलीकॉम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में वीज़ा फाइलिंग ऑफिसर के रूप में काम कर रही हैं। वह वीज़ा आवेदन की डाक्यूमेंटेशन और प्रोसेसिंग का कार्य संभालती हैं, साथ ही यह सुनिश्चित करती हैं कि सभी कार्य नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार हों। शानिया और दीक्षा विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन रही हैं। उनकी शानदार यात्रा भारत के उस बड़े बदलाव का प्रतीक बन रही है, जहाँ प्रौद्योगिकी तक पहुँच छोटे शहरों और दूरदराज के गाँवों में भूगोल, लिंग और पीढ़ियों के बीच की दूरियों को कम कर रही है।

दो दिन पहले मनाए गए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी प्रौद्योगिकी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक पड़ाव बताया और कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, विशेष रूप से भारत की स्वदेशी क्षमता को बढ़ाने और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में।

अपनी स्थापना के बाद से अदाणी सक्षम ने 200 करोड़ से अधिक मानव घंटे का निवेश करके 1.85 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है। सामूहिक रूप से, वे सालाना 479 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। यह कार्यक्रम देश के 15 राज्यों के 40 से अधिक शहरों में चलाया जा रहा है। यह पहल अदाणी फाउंडेशन की समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# जौरा पुलिस ने दबोचा 15 हजार रूपए का ईनामी बदमाश

**– डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य है**

**मुरैना/जौरा।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ जिला मुरैना द्वारा गंभीर आपराधिक घटनाओ को रोकने हेतु, फरार ईनामी बदमाश व वारंटियों की धरपकड एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डाबर, एवं एसडीओपी नितिन बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जौरा, निरीक्षक उदयभान सिंह यादव द्वारा अपनी टीम के सउनि मुकेश सिंह राजावत को कार्यवाही करने हेतु लगाया गया एवं मुखबिर मामूर किये गये थे। दिनांक 12/05/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मुड्डा गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य जसरथ उर्फ दशरथ गुर्जर पुत्र ओलेसिंह गुर्जर उम्र 45 साल नि. ग्राम दुधारी थाना जौरा काशीपुर मोड पगारा रोड जौरा के सुनसान रास्ते पर कोई बड़ी वारदात करने की नियत से घूम कर रहा है। मुखबिर की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान काशीपुर मोड पगारा रोड पर पहुंचे जहां ईनामी फरारी बदमाश मुखबिर के बताये हुलिया का सफेद कपड़े पहने हुये बैठा दिखा जो पुलिस को देखकर हथियार लोड करने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा व राउण्ड जप्त किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर बाद पूछताछ की गई तब आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 187/2025 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार सुदा आरोपी पर जिला श्योपुर के थाना चिलवाली से फरार है जिस पर 5000 रूपये का ईनाम घोषित है तथा जिला मुरैना के थाना सुमावली के अपराध में फरार होकर 10000 रूपये का ईनाम घोषित हैं। आरोपी जिला ग्वालियर के थाना घाटीगांव के डकैती व हत्या के मामले में स्थाई वारंटी होकर वांछित है एवं जिला शिवपुरी के थाना गोवर्धन के अपहरण के मामले में स्थाई वारंटी होकर वांछित है।





## 28 साल से फरार था पकड़ा गया आरोपी

स्थानीय पुलिस द्वारा 15000 के जो इनामी दबोचा है वह पिछले 28 साल से फरार चल रहा था। इसके खिलाफ कुल 9 अपराधी के मामले पंजीबद्ध हैं पिछले 28 साल से जिला मुरैना जिला शिवपुरी, जिला श्योपुर, जिला ग्वालियर की पुलिस लगातार ढूंढ रही थी लेकिन उक्त आरोपी पुलिस को लगातार चकमा देता रहा। आरोपी के ऊपर हत्या, लूट, डकैती, अपहरण, चोरी, मारपीट, अवैध वसूली, अवैध हथियार रखने जैसी धाराओं के मामले पंजीबद्ध हैं। आरोपी दशरथ सिंह को पकड़ने में अहम भूमिका सहायक उप निरीक्षक मुकेश सिंह राजावत की रही है।

# जौरा में 25 मई को निकलेगा भगवान परशुराम का चल समारोह

**मुरैना/जौरा।** नगर में भगवान परशुराम का चल समारोह 25 मई को निकाला जाएगा जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ समाजसेवी लगातार तन मन धन के सहयोग हेतु समाज बंधुओ से संपर्क कर रहे हैं। सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष कमलेश दुबे, उपाध्यक्ष ऋषि पराशर, ललित पाराशर, सचि व शिवकुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, प्रमोद शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश शुक्ला, सुरेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, अवनीश शर्मा, पवन कटारे, छविराम शर्मा सहित अन्य समाजबंधु जेल रोड स्थित शोभाराम



शर्मा, रघुनाथ शर्मा, रघुवर शर्मा के निवास पर पहुंची। समाज बंधुओं द्वारा चल समारोह के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया गया। एक अन्य ब्राह्मण समाजसेवी पंचायत सचिव दिनेश शर्मा ने भी चल समारोह के लिए आर्थिक सहयोग दिया। वहीं श्रीनिवास शर्मा बाबूजी, नरोत्तम पप्पू पंडित के निवास पर पहुंचने पर आर्थिक सहयोग दिया गया। वरिष्ठ समाजसेवी रामजीलाल, अर्पित पाराशर के निवास पर पहुंची। समाज बंधुओ का स्वागत सत्कार कर उन्हें चल समारोह के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया गया। इसी क्रम में महेंद्र तिवारी द्वारा भी समाज बंधुओ का स्वागत कर आर्थिक सहयोग किया। एडवोकेट संजीव तिवारी ने अपने निवास पर सभी समाज बंधुओ का स्वागत भी किया। 25 मई को भगवान परशुराम का चल समारोह आकर्षक सीन सीनरींयों के साथ मनीष पेट्रोल पंप से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ धर्मशाला पर समापन होगा।

## देवर्षि नारद जयंती

# कल्याणकारी पत्रकारिता के सर्वोत्तम आदर्शः देवर्षि नारद

**– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –**

भले ही नारद देवर्षि थे लेकिन वे देवताओं के पक्ष में नहीं थे। वे प्राणी मात्र की चिंता करते थे। देवताओं की तरफ से भी कभी अन्याय होता दिखता तो राक्षसों को आगाह कर देते थे। देवता होने के बाद भी नारद बड़ी चतुराई से देवताओं की अधार्मिक गतिविधियों पर कटाक्ष करते थे,उन्हें धर्म के रास्ते पर वापस लाने के लिए प्रयत्न करते थे। आज की पत्रकारिता में इसकी बहुत आवश्यकता है।



पत्रकारिता की तीन प्रमुख भूमिकाएं हैं- सूचना देना, शिक्षित करना और मनोरंजन करना। महात्मा गांधी ने हिन्द स्वराज में पत्रकारिता की इन तीनों भूमिकाओं को और अधिक विस्तार दिया है- लोगों की भावनाएं जानना और उन्हें जाहिर करना, लोगों में जरूरी भावनाएं पैदा करना, यदि लोगों में दोष है तो किसी भीह उनको दिखाना। भारतीय परम्पराओं में भरोसा करनेवाले विद्वान मानते हैं कि देवर्षि नारद की पत्रकारिता ऐसी ही थी। देवर्षि नारद सम्पूर्ण और आदर्श पत्रकारिता के संवाहक थे। वे महज सूचनाएं देने का ही कार्य नहीं बल्कि सार्थक संवाद का सृजन करते थे। देवताओं, दानवों और मनुष्यों, सबकी भावनाएं जानने का उपक्रम किया करते थे। जिन भावनाओं से लोकमंगल होता हो, ऐसी ही भावनाओं को जगजाहिर किया करते थे। इससे भी आगे बढ़कर देवर्षि नारद घोर उदासीन वातावरण में भी लोगों को सद्कार्य के लिए उत्प्रेरित करनेवाली भावनाएं जागृत करने का अनूठा कार्य किया करते थे।

नारद की तरह पत्रकार के पांव में भी चक्कर होना चाहिए। सकारात्मक और सृजनात्मक पत्रकारिता के पुरोधा देवर्षि नारद को आज की मीडिया अपना आदर्श मान ले और उनसे प्रेरणा ले तो अनेक विपरीत परिस्थितियों के बाद भी श्रेष्ठ पत्रकारिता संभव है।

देवर्षि नारद अत्यल्प समय में उस स्थान पर उपस्थित हो जाते हैं, जहाँ संवाद की संभावना होती है। तीनों लोकों में निर्बाध, निरन्तर भ्रमण करने वाले नारद अपने मधुर स्वभाव से हर प्राणी के मन को जीत कर संवाद के हर सूत्र को प्राप्त करने की अद्भुत प्रवृत्ति रखते हैं। देवर्षि नारद मात्र घटनाओं को देखते और सुनाते भर नहीं वरन् उन्हें एक सकारात्मक एवं सृजनात्मक दिशा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते है। यदि उनका संवाद संप्रेषण लोककल्याण के लिए आवश्यक हो तो वे कही भी जाने के लिए किसी निमंत्रण की प्रतीक्षा या अपने मान सम्मान की चिंता नहीं करते।

उनके निस्वार्थ एवं लोकहित में सत्य एवं निष्पक्ष समाचारों और सूचनाओं के आदान प्रदान करने के कारण ही नारद देवताओं, दानवों, गंधर्वो व मनुष्यों सबके प्रिय एवं सम्मान के पात्र है। नारद के मुख से सदैव नारायण-नारायण का उच्चारण भी यही सिद्ध करता है कि वे हर वक्त समाज के कल्याण के विचार में ही मग्न रहते हैं। भारतीय चिंतन में समाज को नारायण स्वरूप ही माना है, नारद सम्पूर्ण सृष्टि के पालक नारायण अर्थात् सृष्टि के कल्याण का ही चिंतन सदैव करते हैं। अपनी खबरों से जहाँ कही भी नारद ने संघर्ष उत्पन्न किया, उसकी अंतिम परिणति समाज के कल्याण में ही हुई है। लोककल्याण को केन्द्र में रख कर संवाददाता की भूमिका निभाने वाले नारद किसी कार्य का क्रेडिट स्वयं लेने में विश्वास नहीं रखते।

पत्रकारिता को और कहाँ ले जायेगी यह भविष्य के गर्भ में है, किन्तु यह अवश्य है कि विश्वसनीयता, निष्पक्षता एवं लोककल्याण के सूत्र हमेशा पत्रकारिता की बुनियाद में रहेंगे। इसलिए देवर्षि नारद पत्रकारिता के भूत भी है, वर्तमान भी है और भविष्य भी।

आदिपत्रकार देवर्षि नारद ऐसी पत्रकारिता की राह दिखाते हैं, जिसमें समाज के सभी वर्गों का कल्याण निहित है।

**प्रस्तुति- गोपालकृष्ण शर्मा**

**लेखक विद्याभारती में विगत एक दशक से जन संपर्क अधिकारी हैं।**

# कलेक्ट्रेट सहित 42 विभागों में ऑफ लाइन फाइलें स्वीकार नहीं होंगी

**ग्वालियर।** कलेक्ट्रेट में ई-ऑफिस प्रणाली लागू हो चुकी है। साथ ही एनआईसी के माध्यम से 42 विभागों के जिला कार्यालयों को ऑनलाइन फाइल भेजने व पत्राचार के लिये ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ऑन बोर्ड किया जा चुका है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को ऑनलाइन फाइलें भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ऑफलाइन कोई भी फाइल स्वीकार नहीं की जायेगी।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रीमती तृप्ति निगम ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कलेक्टर कार्यालय सहित 42 विभागों के जिला कार्यालयों को ऑन बोर्ड किया जा चुका है। इन विभागों के कार्यालयों में जिला कोषालय, जल निगम, पशुपालन व डेयरी, ई-गवर्नेंस, लोक सेवा प्रबंधन, खनिज, महिला बाल विकास, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण, जिला पंचायत, खाद्य, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, जिला शिक्षा केन्द्र, सहायक आयुक्त श्रम, जिला आयुष कार्यालय, सिविल सर्जन, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रोजगार कार्यालय, वरिष्ठ जिला पंजीयक, भू-अभिलेख, उपायुक्त सहकारिता, किसान कल्याण व कृषि विकास, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य, सहायक आयुक्त आबकारी, सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला व्यापार व उद्योग केन्द्र, जिला खेल व युवा कल्याण, जिला हथकरघा कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, सहायक संचालक उद्यानिकी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय, क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, संभागीय योजना व सांख्यिकी कार्यालय, संयुक्त संचालक नगर व ग्राम निवेश, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण पीआईयू व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु के कार्यालय शामिल हैं।

# ट्रकों की भिडंत में चालक की जिंदा जलकर मौत, आरोपी चालक फरार

**ग्वालियर।** ग्वालियर-मुरैना सीमा पर मंगलवार तड़के सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। ट्रक ग्वालियर के बिलौआ से गिट्टी भरकर आगरा की ओर जा रहा था, तभी मुरैना जिले के रिठौरा थाना क्षेत्र में सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर के तुरंत बाद गिट्टी से भरे ट्रक में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि चालक को सीट से हिलने तक का मौका नहीं मिला और वह ट्रक के अंदर ही जिंदा जल गया। घटना मंगलवार सुबह लक्ष्मणगढ़ पुल के पास हुई। हादसे की सूचना मिलते ही ग्वालियर के महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह यादव व मुरैना के रिठौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था।

थाना प्रभारी धर्मेंन्द्र सिंह यादव ने बताया कि मंगलवार सुबह लक्ष्मणगढ़



पुल के पास बिलौआ से गिट्टी भरकर आगरा की ओर जा रहे ट्रक की मुरैना जिले के रिठौरा थाना क्षेत्र से सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि गिट्टी से भरे ट्रक में आग लग गई। टक्कर लगने के बाद आग इतनी तेजी से भड़की की ट्रक चालक को अपनी सीट से हिलने तक का मौका ना मिला और वह जिंदा ही चल गया। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की तो मृतक की पहचान राजस्थान के धौलपुर जिले के सैफ्ऊ निवासी राघवेन्द्र शर्मा के रूप में हुई है। ट्रक धौलपुर के ट्रांसपोर्टर रविन्द्र चौधरी का बताया जा रहा है। पुलिस को जांच में पता चला कि सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात राघवेन्द्र ट्रक नंबर आरजे11जीबी-5263 से बिलौआ खदान से गिट्टी भरकर आगरा के लिए निकला था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सामने से आ रहे ट्रक नंबर आरजे11जीबी-4908 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सीधी टक्कर मारी, जिससे हादसा हुआ। टक्कर के बाद आग इतनी भयानक थी कि कोई भी बचाव संभव नहीं हो पाया। पुलिस ने शव के अवशेष मुरैना जिला अस्पताल के डेड हाउस पहुंचाए हैं। घटना के बाद से आरोपी ट्रक चालक फरार है। मुरैना पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है। चूंकि दुर्घटना स्थल मुरैना जिले के रिठौरा थाना क्षेत्र में आता है, इसलिए आगे की कार्रवाई रिठौरा पुलिस कर रही है।

# मंगलवार इस सीजन की सर्वाधिक गर्म रात

**- इस साल पहली बार 29 डिसे पर पहुंचा न्यूनतम तापमान**

**- शाम को चली आंधी, 15 से 20 किमी रफ्तार की उत्तर पश्चिमी हवाएं चली**

**ग्वालियर।** अंचल में मौसम का मिजाज इस समय ठीक नहीं चल रहा है। एक ही दिन में एक दो नहीं बल्कि तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। मंगलवार को शाम के समय आंधी देखने को मिली। जबकि दिन में तीन से चार घंटे तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से उपर रहा। वहीं इस सीजन में पहली बार रात का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस आंका गया है। यानि कि मंगलवार की रात सबसे गर्म रात रिकार्ड हुई है। इससे पहले बीते माह 19 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। इसके बाद मंगलवार को दर्ज न्यूनतम तापमान ने रिकार्ड तोड़ दिया है। अब आगे मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि तापमान में और इजाफा होगा। वहीं लू चलने की संभावना है। ऐसे में गर्मी से महफूज रहने की जरूरत है।

स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार बीते दिन सोमवार को अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। जबकि मंगलवार को 1 डिग्री सेल्सियस अंक बढ़कर 41.4 डिग्री सेल्सियस दिन



का तापमान दर्ज हुआ। यह सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस मायनस में दर्ज हुआ। यह इस महीने का सर्वाधिक तापमान है। वहीं मंगलवार को दर्ज न्यूनतम तापमान इस महीने का ही नहीं बल्कि वर्ष 2025 का सर्वाधिक तापमान है, जो पहली बार 29 डिग्री सेल्सियस आंका गया। यह सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। मंगलवार को सुबह की आर्दता 35 प्रतिशत तथा शाम की आर्दता 33 प्रतिशत आंकी गई। जबकि 15 से 20 किलोमीटर की रफ्तार से धूल भरी हवायें चली। हवाओं की दिशा पश्चिमी तथा उत्तर पश्चिमी रही।

***अब तेज गर्मी का दौर शुरू होगा***

राजस्थान की ओर से आ रही हवाओं ने दिन के साथ साथ रात की गर्मी में भी तड़का लगा दिया है। गत दिवस की तुलना में मंगलवार को दोनों तापमान एक से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ गये है। जबकि आगे भी तेज गर्मी का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक दो दिन में ही अधिक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से उपर जा सकता है।

**ज्यादा से ज्यादा पानी पिए, फलों का रस व शिकंजी फायदेमंद**

ऐसे मौसम में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इसीलिये दिन में कम से कम 4 लीटर पानी जरूर पिए। साथ ही दही शिकंजी, नींबू पानी, नारियल पानी, ताजा फलों का रस इसी सीजन में फायदेमंद हैं। इसीलिये शरीर में पानी की पूर्ति करने के लिये तरल पदार्थ होते रहे।

# पुलिस को देख सरिया से भरी लोडिंग छोड़कर भागे चोर

**ग्वालियर।** एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए रखे 22 क्विंटल सरिया को चोरों ने एक लोडिंग में चोरी करने के लिए लोड कर लिया। चोर सरिया को लेकर जा रहे थे कि तभी पुलिस से उनका सामना हो गया और पकडने जाने से बचने के लिए चोर लोडिंग छोड़कर भाग निकले। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के आईटीएम कॉलेज के पास ओम शुभ लाभ तेल मिल के सामने बीती रात साढ़े 11 बजे की है। पुलिस ने लोडिंग जब्त कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि बीती रात टीआई हजीरा पुलिस बल के साथ गश्त करते हुए जब आईटीएम कॉलेज के सामने ओम शुभ लाभ तेल मिल के पीछे पहुंचे तो एक लोडिंग आती नजर आई। जब लोडिंग पास से गुजरी तो उसमें लोहे का सरिया नजर आया तो उन्हें शंका हुई। शंका होते ही मोबाइल टर्न कर लोडिंग का पीछा किया तो चालक लोडिंग छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने लोडिंग को निगरानी में लेकर थाने पहुंचाया। तभी मंगलम बिल्डिकॉन प्राइवेट लिमिटेड में पदस्थ पार्थ पटेल थाने पहुंचे और बताया कि उनकी कंपनी द्वारा एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कई क्विंटल सरिया चोरी हो गया है। इसका पता चलते ही पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस टीम अब इस इलाके के सीसीटीवी खंगाल रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने चोरों का पता लगा लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# तीन साल बाद घर लौटा हिस्ट्रीशीटर पहुंचा हवालात

**ग्वालियर।** तीन साल से पुलिस को चकमा दे रहा एचएस अब जब वापस लौटकर घर आया तो पुलिस उसके घर जा पहुंची और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि कई गंभीर मामलों में फरार थाने का एचएस नीरज सविता पुत्र गौरी सविता पत्थर वाली गली स्थित घर पर आया हुआ है। जबकि इसकी तीन साल से पुलिस तलाश में जुटी हुई है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम को आरोपी को तलाशने पहुंचाया। जिस समय पुलिस उसके घर पर पहुंची आरोपी खाना खा रहा था, जैसे ही पुलिस पर उसकी नजर गई, उसने दौड़ लगा दी। लेकिन पुलिस अलर्ट थी और उसका प्रयास असफल कर दिया। पुलिस उसे पकड़कर ला रही थी कि तभी एक अन्य अधेड़ पर नजर गई तो अधेड़ वहां से खिसकने लगा। उसके बारे में पता चला कि वह भी दो साल से पुलिस को गच्चा दे रहा है। इसका पता चलते ही पुलिस ने सत्य प्रकाश रावत पुत्र गोपाल दास रावत निवासी दाना वाली जैन धर्मशाला को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ करना शुरू कर दिया है।

# उड़ीसा से गांजा लेकर आया तस्कर पकड़ा

**- साठ हजार रुपए का गांजा बरामद**

**ग्वालियर।** उड़ीसा से गांजे की खेप लेकर आए एक तस्कर को हजीरा थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन पटरी वाली दरगाह के पास से दबोचा है। पकड़े गए तस्कर से करीब साठ हजार रुपए कीमत का गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ करना शुरू कर दिया है।

हजीरा थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक तस्कर गांजा लेकर आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम को संदेही को पकडने के लिए रवाना किया। पुलिस टीम ने गाडर वाली पुलिया से लेकर बिरला नगर तक तस्कर को पकडने के लिए घेराबंदी की। पुलिस टीम ने रात दो घंटे तक आरोपी की तलाश में घेराबंदी



की, तब कहीं तस्कर को पटरी वाली दरगाह के पास से पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर से साठ हजार रुपए कीमत का गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गए तस्कर से पूछताछ की तो उसकी पहचान छोटू उर्फ मनीष शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा निवासी तानसेन टॉकीज के सामने घासमंडी ग्वालियर के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने खुलासा किया है कि वह गांजे की खेप उड़ीसा में ललित मांझी नामक तस्कर से लेकर आया है। यह गांजे की खेप सवा लाख रुपए में कमल बाथम नामक युवक को करना थी और वह माल लेने के लिए आने वाला था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने दबोच लिया। सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पता चला है कि पकड़ा गया तस्कर केवल डिलीवरी करने का काम करता है और एक ऑर्डर पूरा करने के बाद दूसरे ऑर्डर की तैयारी करना शुरू कर देता है।

# 15 करोड़ की जमीन हड़पने के लिये बनाई बसीयत

**- जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

**ग्वालियर।** जमीन के दाम आसमान पर पहुंचते ही ठग गिरोह ने इसे हड़पने के लिए फर्जी अनुबंध पत्र बनाया और जमीन का केस न्यायालय में लगा दिया। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के पिपरोली की है। ठगी का पता उस समय चला जब न्यायालय का नोटिस जमीन मालिक को मिला तो उनके पैरों तले जमीन निकल गई। मामले का पता चलते ही पीडित ने पुलिस कप्तान से इसकी शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

झांसी रोड थाना क्षेत्र के पिपरोली निवासी सभाराम सिंह पुत्र मोहन सिंह गुर्जर ने शिकायत की है कि उनकी नौ बीघा 14 बिस्वा जमीन है। जिसकी कीमत डेढ़ करोड बीघा के हिसाब से चल रही है। कुछ दिन पहले उन्हें कोर्ट का एक नोटिस मिला। जिससे पता चला कि उनके पिता ने गांव में ही रहने वाले अतबल सिंह, अभय सिंह, कल्याण सिंह, औतार सिंह, तहसीलदार सिंह पुत्रगण हल्के सिंह गुर्जर के नाम बसीयत की है। मामले का पता चलते ही पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। मामला काफी पेचिदा था, क्योंकि बसीयत करने वाला और गवाह सब का देहांत हो गया था। इसके बाद पुलिस ने जांच की तो पता चला कि इसमें जो गवाह है, उनके हस्ताक्षर के स्थान पर अंगूठे का निशान है। इसका पता चलते ही पुलिस ने अन्य जानकारी जुटाई तो पता चला कि मामला फर्जी है। इसका पता चलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# बीएसएफ के पास से पकड़ा था संदिग्ध, निकला बेरोजगार

**- आर्मी एरिया में दुकान से 1500 रुपए में खरीदी थी वर्दी**

**ग्वालियर।** बिलौआ में बीएसएफ टेकनपुर के पास मकोडा से पुलिस ने रविवार-सोमवार दरमियानी रात एक संदिग्ध को पकडा था। यह संदिग्ध बीएसएफ( बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ) के हवलदार की वर्दी पहने हुए घूम रहा था। पहले उसने खुद फिर बडे भाई को बीएसएफ में बताया, लेकिन उसकी कहानी झूठी निकली। इसके बाद आरोपी ने बताया कि वह बेरोजगार है। कुछ समय पहले भर्ती परीक्षा दी थी, लेकिन चयन नहीं हुआ। परिजन के पूछने पर उसने बीएसएफ में सिलेक्ट होना बताया था। परिवार उसे वर्दी में देखना चाहते थे। इसके लिए उसने मुरार आर्मी कैंट स्थित फौजी दुकानों से यह वर्दी ली थी। फिलहाल उसकी यह कहानी सही साबित हुई है। अब पुलिस पता लगा रही है कि इतनी आसानी से उसने कैसे वर्दी खरीदी थी। यह मुरार वाली बात कितनी सच है। पुलिस ने नोटिस पर आरोपी को थाना से जमानत दे दी है। हाल में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को ध्यान में रखते हुए और ग्वालियर को अति संवेदनशील मानते हुए गश्त की जा रही है। बीएसएफ टेकनपुर के आसपास के इलाके में हर व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। इसी दौरान रविवार-सोमवार की दरमियानी रात सूचना मिली थी कि मकोड़ा के पास एक युवक बीएसएफ की वर्दी पहनकर घूम रहा है, जबकि वह सीमा सुरक्षा बल में नहीं है। यह सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पर निकले बल को अलर्ट किया गया। जब पुलिस संदिग्ध युवक के पास पहुंची तो वह वर्दी पहनकर घूम रहा था। कंधे पर एक पिट्ठू बैग टांगे हुए था। जिस पर पुलिस ने उसे तत्काल रोककर पूछताछ की तो वह खुद को बीएसएफ जवान बता रहा था। उसका बीएसएफ का आईडी कार्ड मांगा, लेकिन युवक के पास आईडी कार्ड नहीं था। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। जहां उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी राहुल सिंह जाटव के रूप में हुई थी।

**बेरोजगारी और परिवार की उम्मीद ने बनाया फर्जी हवलदार**

पुलिस की पकड़ में आने के बाद फर्जी बीएसएफ हवलदार राहुल ने पहले दो झूठी कहानी सुनाई जब वह फंस गया तो असल बात बताई। उसने बताया कि वह मैनपुरी यूपी का रहने वाला है और बेरोजगार है। वह बीएसएफ में भर्ती की तैयारी कर रहा था। 12वीं पास है और कुछ समय पहले उसने भर्ती परीक्षा दी थी। जब परिणाम आया तो वह रिजेक्ट हो गया था, लेकिन जब परिजन ने उससे भर्ती परीक्षा का परिणाम पूछा तो वह सच बताने की हिम्मत नहीं कर सका। उसने अपने पूरे परिवार को बताया कि वह बीएसएफ में सिलेक्ट हो गया है। इस पर पूरा परिवार खुशी से झूम उठा था। इसके बाद वह बीएसएफ के आसपास किराए पर कमरा तलाशने लगा। परिवार उसे वर्दी में देखना चाहता था जिस पर उसने यह फर्जी वर्दी और बैग खरीदा। बैग पर भी बीएसएफ व अपना नाम और रैंक लिखवाई।

इस मामले में एसएसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान हालात को लेकर ग्वालियर पुलिस अलर्ट है। लगातार चेकिंग कर रही है। इसी कसावट के चलते रविवार-सोमवार दरमियानी रात पुलिस ने एक फर्जी बीएसएफ कर्मी को पकडा था। पूछताछ में पता लगा कि संदिग्ध युवक ने अपने परिजन से झूठ बोल दिया था कि उसका बीएसएफ में चयन हो गया है। उसी झूठा को पूरा करने के लिए फर्जी वर्दी में घूम रहा था।

# बीई और आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों को समर इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण संचालनालय द्वारा बीई सिविल या आर्किटेक्चर में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए 2 माह की समर वोकेशनल इंटर्नशिप करने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्रों को इंटर्नशिप के लिए संबंधित जिले की जनपद पंचायतों में भेजा जाएगा और इन्हें 20 हजार रूपए प्रतिमाह स्टायपेंड भी दिया जाएगा। जिले के बीई एवं आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों को समर इंटर्नशिप करने का सुनहरा अवसर है।

समर इंटर्नशिप 2025 के लिए बी प्लानिंग, बी आर्क, एम प्लान, एम आर्क, बोटेक और बीई सिविल के छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित है। चयनित विद्यार्थियों को ऑफर की सूचना 26 मई तक दी जाएगी और 2 जून को भोपाल में ओरिएंटेशन आयोजित होगा। जिला और ब्लॉक मुख्यालय पर रिपोर्टिंग की तिथि 3 जून 2025 रहेगी। इंटर्नशिप की अंतिम अवधि 31 जुलाई 2025 तक होगी और इसकी कुल अवधि 60 दिन की होगी।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने जिले के इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्राचार्यों से अपने संस्थान के विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन कराने के लिये कहा है।

# कौशिक महाराज की शिवमहापुराण कथा आज से

**- विधायक डा. सिकरवार के संयोजन में आज निकलेगी कलश यात्रा**

ग्वालियर। विश्व जागरण मानव सेवा संघ चेरिटेबल ट्रस्ट शाखा द्वारा आज 14 मई से 23 मई तक शिवमहापुराण कथा आयोजित की जायेगी। शिवमहापुराण कथा कौशिक महाराज श्रीधाम वृंदावन के श्रीमुख से होगी। कथा शिवलोक धाम फूलबाग मैदान पर अपरान्ह 3 से सायं 7 बजे तक होगी। कथा से पहले आज 14 मई को शाम 4 बजे से श्री सनातन धर्म मंदिर अचलेश्वर मार्ग से एक कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें लगभग 5100 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चलेंगी। कलश यात्रा में शिवमहापुराण कथा वाचक कौशिक महाराज रथ पर सवार रहेंगे। वहीं कलश यात्रा का स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा।



कलश यात्रा सनातन धर्म मंदिर से शुरू होकर इंदरगंज चौराहा, जयेन्द्रगंज, नदी गेट, गुरूद्वारा, डीडी माल होते हुये कथास्थल फूलबाग मैदान पर पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि यह कथा एक लाख गौवंश के आश्रय के लिए कौशिक महाराज द्वारा की जा रही है। यह जानकारी मंगलवार को कार्यक्रम संयोजक एवं विधायक ग्वालियर पूर्व डा. सतीश सिंह सिकरवार एवं गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला वृंदावन से आए विश्व जागरण मानव सेवा संघ चौरिटेबल ट्रस्ट के सचिव पंडित रामदेव शास्त्री ने पत्रकारों को दी।

कार्यक्रम संयोजक एवं विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने बताया कि इस कथा का उद्देश्य वर्तमान समय में मानव भौतिक रूप, रोजगार की समस्या एवं दैहिक बीमारियों से ग्रसित है। भगवान भोलेनाथ की कथा न केवल भौतिक बाधाओं का निवारण करती है तथा वह मोक्ष दायिनी भी है। कथा में प्रथम दिवस मंगलाचरण होगा, शिव महापुराण की कथा पूज्य कौशिक जी महाराज के श्री मुख से मध्यान्ह 3 बजे से 7 बजे तक, 14 से 23 मई तक होगी। इस अवसर पर उमेश उप्पल, राम पाण्डेय, राम बाबू अग्रवाल, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, महेन्द्र शुक्ला एवं आदित्य शर्मा आदि भी मौजूद थे।

# नारद पत्रकारिता सम्मान समारोह 18 को, 10 श्रेणियों में दिया जाएगा

**ग्वालियर।** मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के तत्वावधान में आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान एवं संवाद समारोह 18 मई रविवार को दोपहर 12.30 बजे बाल भवन सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह पुरस्कार 10 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीधर कुंटे, कार्यक्रम संयोजक बलराम सोनी, सह संयोजक जोगेंद्र सैन, विनोद शर्मा एवं विक्रम प्रजापति ने दी।

पदाधिकारियों ने पत्रकारों को बताया कि संवेदनशील विषयों पर




पत्रकारिता और जिम्मेदारी विषय पर आयोजित समारोह के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अनंत विजय होंगे। मुख्य अतिथि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अरविंद शुक्ला होंगे। अध्यक्षता मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीधर कुंटे करेंगे। इस वर्ष पत्रकारिता सम्मान की श्रेणियों की संख्या बढ़ाकर 10 रखी गई हैं। पिछले 21 वर्षों से नारद जयंती पर जनकल्याणकारी, समाजोन्मुखी पत्रकारिता को बढ़ावा देने तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसी श्रेष्ठ जीवनशैली को अंगीकार करने वाले पत्रकारों को सम्मानित करने के लिए संवाद और पत्रकार सम्मान की परंपरा लगातार जारी है। सम्मानित होने वाले पत्रकारों के चयन के लिए वरिष्ठ पत्रकारों की चयन समिति का गठन किया गया है। पत्रकारवार्ता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग के प्रचार प्रमुख डॉ. निशांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल, बृजमोहन शर्मा, प्रवीण दुबे, अभिषेक शर्मा, रवि उपाध्याय उपस्थित थे।

# बिना परमिट व फिटनेस के संचालित वाहनों पर कसा शिकंजा, आधा दर्जन वाहन जब्त

**ग्वालियर।** राजस्व, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बगैर परमिट व बिना फिटनेश के संचालित यात्री वाहनों व स्कूल वाहनों की मंगलवार को सघन जांच कर कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर शहर में तीन चैकिंग पॉइंट गोले का मंदिर चौराहा, विक्की फैक्ट्री तिराहा और उटीला रोड़ पर संयुक्त दलों द्वारा वाहनों की जाँच की गई।



जांच के दौरान ओव्हर लोडिंग पाये जाने पर 6 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर साढ़े दस हजार रुपये का अर्थदण्ड वसूला गया। साथ ही फिटनेस सर्टीफिकेट व परमिट न पाये जाने पर आधा दर्जन वाहन जब्त किए गए। जब्त वाहनों में वाहन क्रमांक एमपी07एफ 7767, एमपी07एफ 1203, एमपी07पी 4138, एमपी07पी 5038, यूपी75एम 1439 एवं वाहन क्रमांक, एमपी07पी 0700 शामिल हैं। जप्त वाहन पुलिस थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया है। जब्त वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। मंगलवार को कार्रवाई के लिए गई टीम में आर.टीओ. विकमजीत कंग, यातायात उप अधीक्षक नरेश अन्नोटिया व तहसीलदार कुलदीप दुबे, नायब तहसीलदार संजय अगरैया तथा हरनाम सिंह व प्रदीप मेहकाली शामिल थे।

# तैयारियों की परीक्षा में पुलिसकर्मी होने लगे सफल

**ग्वालियर।** एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थानों में उनकी कार्यक्षमता का आंकलन करना शुरू कर दिया है। पहले दिन हुई पुलिसकर्मियों की परीक्षा में 13 पुलिस कर्मियों के पकड़ में आने के बाद तीन को पुलिस कप्तान ने लाइन भेज दिया और शेष को निंदा की सजा दे डाली। इसका असर ऐसा हुआ कि बीती रात पुरानी छावनी और गोला का मंदिर में आधी रात को हुई औचक कॉल पर सभी पुसिकर्मी थाने पहुंच गए। जिसकी रिपोर्ट पुलिस कप्तान को रोलकॉल लेने वाले अफसरों ने भेजी है। एसएसपी धर्मवीर सिंह का कहना है कि आपात स्थिति में पुलिसिंग सर्वश्रेष्ठ करने के लिए लगातार ड्रिल का आयोजन किय जा रहा है। जिसमें शामिल होने वाले जवाान अपनी कोशलता का परिचिय दे रहे है। इसके साथ ही नई ड्रिल का भी आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें जनता की भागीदारी भी हो, जिससे आमजन भी अवश्क्ता होने एक पुलिसकर्मी की तरह बचाव कार्य करा सकें।



# महापौर ने निगम आयुक्त को लिखा पत्र, पीएचई अमले को अन्य कार्यों से मुक्त करायें

**ग्वालियर।** महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिकरवार ने पेयजल एवं सीवर की सुचारू व्यवस्था, शहर के मुख्य मार्गों पर पेच रिपेयरिंग कार्य एवं वर्षा पूर्व नाला सफाई किए जाने के संबंध में निगम आयुक्त संघ प्रिय को पत्र लिखकर अवगत कराया।

महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिकरवार ने पत्र के माध्यम से निगम आयुक्त संघ प्रिय को अवगत कराया है कि जनसुनवाई हो अथवा महापौर लोकमंत्रणा या मेयर, सभापति हेल्पलाइन सभी पर पेयजल एवं सीवर की समस्यायें बहुत अधिक आती है तथा शहर के विभिन्न स्थानों पर सीवर ओवर फ्लो हो रही है तथा गंदे पानी की शिकायतें



भी प्राप्त हो रही है। जिनका त्वरित निराकरण न होने के कारण जनता द्वारा जनप्रतिनिधियों से नाराजगी व्यक्त की जाती है, तथा अधिकारियों द्वारा उक्त समस्याओं का स्थाई निराकरण नहीं किया जाता है, जिसके कारण निगम की छवि धूमिल होती है। अतः जल तथा सीवर कार्य का सुचारू संधारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जावे एवं मेरे उक्त सुझाव अनुसार पी.एच.ई अमले को निगम के अन्य दयित्वों से मुक्त कर मूल कार्य के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु लगाया जाए ताकि उक्त समस्याओं का सकारात्मक समाधान समय पर सम्भव हो सकें।

# संपादकीय

## जंग के मैदान पर मसलों का हल; संघर्ष विराम के मायने, सैन्य सफलता के बाद भारत की नई रणनीति



भारत हमेशा इस बात का हिमायती रहा है कि आज के दौर में मसले जंग के जरिए हल नहीं किए जा सकते। इसलिए रूस-यूक्रेन संघर्ष रुकवाने के लिए उसने भरसक कोशिश की। भारत और पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ सैन्य संघर्ष फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। भारतीय सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से कहा है कि हमारा मकसद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था। उसमें हमें पूरी कामयाबी मिली। मगर पाकिस्तानी सेना ने उसे अपने ऊपर हमला मान लिया और आतंकवाद के साथ खड़ी हो गई। अब हम अगले अभियान के लिए तैयार हैं। अब दोनों देशों के सैन्य अभियान प्रमुखों ने भी औपचारिक रूप से संघर्ष विराम पर परस्पर सहमति जता दी है। दरअसल, पिछले दो दिन से संघर्ष विराम को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे, इसे लेकर आम लोगों में भी निराशा नजर आ रही थी। सेनाध्यक्षों के बयान के बाद अब किसी के मन में संशय नहीं रहना चाहिए कि आखिर क्यों लंबे सैन्य संघर्ष का रास्ता छोड़ना पड़ा। भारतीय सेना शुरू से कहती आ रही है कि वह हर तरह के हमले का जवाब देने को तैयार है। अब उसने रेखांकित किया है कि हमारा सुरक्षा कवच अभेद्य है और हम अगले अभियान के लिए तैयार हैं, तो इसका अर्थ समझने की जरूरत है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले के बाद भी भारत अपने मकसद को भूला नहीं है। आतंकवाद के सफाए के लिए अब नई रणनीति की जरूरत महसूस की जाने लगी है, इसलिए कि पाकिस्तानी सेना ने उस भारतीय हमले को अपने ऊपर हमला मान कर जवाब देना शुरू कर दिया था। यह अच्छी बात है कि इस मौके पर सारे विपक्षी दलों ने सरकार में भरोसा जताया और उसके हर फैसले में साथ देने का वादा निभाया। मगर युद्ध विराम का फैसला आते ही इस मसले पर राजनीतिक सरगर्मी दिखाई देने लगी है। सरकार ने भी विपक्षी दलों की तरफ से उठ रहे सवालों का जवाब दे दिया है। युद्ध के समय सियासी नफे-नुकसान के समीकरण नहीं साधे जाने चाहिए, यह बात दोनों पक्षों पर लागू होती है। इसी तरह, आम जन को तथ्यों की जानकारी मिलनी ही चाहिए। मगर समझने की जरूरत है कि सेना इसलिए कई सवालों के जवाब फिलहाल भविष्य पर छोड़ रही है कि उसने अभी तक संघर्ष को अंतिम तौर पर समाप्त नहीं किया है। सैन्य अभियान के प्रमुख ने एक सवाल के जवाब में कहा भी कि इस वक्त यह देखना चाहिए कि हम अपने अभियान में कितने कामयाब हुए हैं। जाहिर है, भारतीय सेना अभी कोई ऐसा वक्तव्य नहीं देना चाहती या कोई ऐसी बात नहीं करना चाहती, जिससे पाकिस्तान गलत तरीके से लाभ उठाए। भारत हमेशा इस बात का हिमायती रहा है कि आज के दौर में मसले जंग के जरिए हल नहीं किए जा सकते। इसलिए रूस-यूक्रेन संघर्ष रुकवाने के लिए उसने भरसक कोशिश की। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत और इसकी सेना को अच्छी तरह पता है कि लंबे समय तक सैन्य तनाव किसी भी रूप में देश हित में नहीं हो सकता। इसलिए मुख्य समस्या के समाधान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारत का मकसद फिलहाल पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकवादी संगठनों को नेस्तनाबूद करना है। इस पर दुनिया के शायद ही किसी देश को एतराज हो कि भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध चाहता है। यही वजह है कि ज्यादातर देशों ने भारत के लक्षित हमलों की सराहना की। इस संघर्ष विराम को किसी राजनीतिक चश्मे से देखने पर सेना की रणनीति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा हो सकता है।

# मोबाइल एप्स से घिरे हम, क्या आरामतलब की जिंदगी ने हमें निकम्मा बना दिया है?

**‘ आज सोचने-समझने का स्वरूप किस कदर बदल रहा है, इसका अंदाजा इस उदाहरण से लगाया जा सकता है कि एक परिचित व्यक्ति ने कार की साफ-सफाई करते हुए अपनी कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा कर दी, तो उसे यह कहा गया कि ‘क्या महोदय, आप खुद अपनी कार की साफ-सफाई करते हैं? इसके लिए तो आजकल बड़े आराम से आदमी मिल जाते हैं, जो मात्र हजार रुपए में पूरे महीने कार की साफ-सफाई कर देते हैं।’ किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को नई पीढ़ी की इस सोच पर आश्चर्य से ज्यादा खेद होगा। ’**



बाजारवाद ने हमें बहुत अधिक पराश्रित कर दिया है। दिखावे की हैसियत के मारे हम लोग दूसरों पर इतने निर्भर होते जा रहे हैं कि बाजार हमारी इस आरामपरस्ती को भुनाने में लगा हुआ है। आज हमारा मोबाइल दुनिया भर की एप से भरा हुआ है। आज सोचने-समझने का स्वरूप किस कदर बदल रहा है, इसका अंदाजा इस उदाहरण से लगाया जा सकता है कि एक परिचित व्यक्ति ने कार की साफ-सफाई करते हुए अपनी कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा कर दी, तो उसे यह कहा गया कि ‘क्या महोदय, आप खुद अपनी कार की साफ-सफाई करते हैं? इसके लिए तो आजकल बड़े आराम से आदमी मिल जाते हैं, जो मात्र हजार रुपए में पूरे महीने कार की साफ-सफाई कर देते हैं।’ किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को नई पीढ़ी की इस सोच पर आश्चर्य से ज्यादा खेद होगा। नई पीढ़ी में यह कैसी सोच विकसित हो रही है? माना कि बाजार के इस युग में हर काम के लिए आदमी सुलभ है, पर घर के छोटे-मोटे काम जो हम स्वयं बड़ी आसानी से कर सकते हैं, उसके लिए हम किसी बाहरी व्यक्ति पर निर्भर क्यों हों? कुछ साल पहले तक ज्यादातर लोग घर के कई काम स्वयं कर लेते थे। जैसे पानी की टंकी में घुसकर उसे साफ करना। दीपावली के स्वच्छता अभियान में छत से पंखे उतार लेना, उसकी पंखुड़ियों को अलग कर उनकी सफाई कर फिर जोड़कर पंखें को वापस लगा देना। महीने दो महीने में पानी का भरा हौद खाली करके उसकी सफाई कर देना। उन दिनों बिजली के लिए घरों में एमसीबी के स्थान पर ‘फ्यूज’ होते थे जो बिजली के जरा से उतार-चढ़ाव के साथ ही जल जाते थे, जिसे ‘फ्यूज’ उड़ना कहा जाता था। ‘फ्यूज’ को अपनी जगह से निकाल कर उसमें तांबे का तार बांधना थोड़ा खतरनाक काम था, पर उस काम को भी बड़ी कुशलता से कर लिया जाता था। दीपावली के समय रोशनी के लिए लगाई गई झालर खराब होने पर ‘टेस्टर’ की सहायता से खराब बल्ब को खोजकर उसके स्थान पर नया बल्ब जोड़ना उस समय बच्चों के लिए एक खेल होता था। पानी की मोटर, कूलर और पंखों के सामान और कूलर के पम्प आसानी से बदल दिए जाते थे। पानी के पाइपों और नलों की छोटी-मोटी टूट-फूट के लिए हमें कभी अन्य व्यक्ति की आवश्यकता नहीं पड़ी। पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई और देखभाल आमतौर पर हम खुद कर लेते थे। उस दौर में साइकिल या स्कूटर के पंचर तक भी कुछ लोग खुद ही जोड़ लेते थे। स्कूटर-मोटर साइकिल के स्टार्ट न होने पर प्लग को खोलकर बड़ी आसानी से साफ कर लिया जाता था। अगर घर का निर्माण कार्य चल रहा होता था तो परिवार के सदस्य बिना किसी शर्म-संकोच के ईंट-पत्थर ढो लेते थे। बच्चों के लिए तो यह काम कम, एक प्रकार का खेल ही होता था। धीरे-धीरे समय बदला। बाजार ने आदमी की सोच को गहरे तक प्रभावित किया और उसकी धारणाओं को भी बदला। अब लोग अपने ही घर के छोटे-मोटे कामों को करना अपने स्टेट्स सिंबल या हैसियत के प्रतीक के विपरीत समझने लगे। जिन लोगों ने ऐसे काम करना नहीं छोड़ा, उन्हें कंजूस समझा जाने लगा और उसके पड़ोसियों एवं परिचितों द्वारा उसे हेय दृष्टि से देखा जाने लगा। नई पीढ़ी की स्थिति तो यह हो गई है कि छोटे-मोटे औजारों को हाथ में पकड़ना ही उन्हें अपमानजनक लगने लगा है। आज बाजारवाद ने हमें बहुत अधिक पराश्रित कर दिया है। दिखावे की हैसियत के मारे हम लोग दूसरों पर इतने निर्भर होते जा रहे हैं कि बाजार हमारी इस आरामपरस्ती को भुनाने में लगा हुआ है। आज हमारा मोबाइल दुनिया भर के एप से भरे हुए हैं। छोटे से छोटे काम के लिए भी हमारी युवा पीढ़ी मोबाइल एप का प्रयोग करती है और आदमी हाजिर हो जाता है। दूसरों पर यह निर्भरता इतनी खतरनाक सिद्ध हुई है कि जो काम हम स्वयं कर सकते हैं, उसके लिए भी हमें दूसरों का मुंह देखना पड़ता है। आज की पीढ़ी के कितने ही युवाओं को घरेलू गैस सिलेंडर तक नहीं बदलना आता। साधन-सुविधाओं का उपभोग एक हद तक ठीक है, पर हमें दूसरों पर इतना भी निर्भर नहीं होना चाहिए कि हमारे दिमाग और शरीर दोनों को ही जंग लग जाए। अगर हम अपने घर के छोटे-मोटे काम खुद करने लग जाएं तो इससे हमारी दिमागी और शारीरिक दोनों तरह की कसरतें हो जाएंगी, साथ ही कड़ी मेहनत से कमाया गया हमारा धन भी व्यर्थ खर्च होने से बच जाएगा। सभी माता-पिता को इस बारे में सोचना चाहिए कि वे अपने बच्चों को अपना काम स्वयं करने की शिक्षा दें। खुद बच्चे का काम न करें, बल्कि उन्हें इस ढंग से प्रेरित करें कि बच्चा स्वयं ही उस काम को करने लगे। बच्चों का पालन-पोषण इस प्रकार से हो कि वे कभी भी दूसरों पर निर्भर न रहें। बच्चों के सामने कभी भी अपने पैसे, पद और रुतबे का प्रदर्शन न करें। ‘स्टेट्स सिंबल’ जैसे शब्दों से या तो अपने बच्चे को दूर रखने का प्रयास करें या उन्हें समझाएं कि अपने घर का काम करना किसी भी प्रकार से रुतबे या हैसियत के विरुद्ध नहीं है। आज जब देश भयंकर बेरोजगारी की मार से जूझ रहा है, युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मंत्र दिया जा रहा है, देश के विभिन्न राज्य व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने लगे हैं, तरह-तरह के उद्यम कार्यक्रमों के तहत युवा पीढ़ी में विभिन्न प्रकार के कौशल विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ऐसे में ये छोटे-मोटे घरेलू कार्य हमारे लिए बहुत महत्त्वपूर्ण और प्रभावकारी सिद्ध हो सकते हैं। आज की युवा पीढ़ी को यह बताना बेहद आवश्यक है कि छोटे-मोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकना अच्छी बात नहीं। जो काम हम स्वयं कर सकते हैं, उसके लिए बाजार के भरोसे रह कर अपनी क्षमता को यों ही व्यर्थ या कुंद नहीं करना चाहिए।

# सरकारी आतंकवाद का पर्याय पाकिस्तान, सेना और आतंकियों का मेल

विश्व समुदाय को पाकिस्तान सरकार और सेना पर दबाव बनाना चाहिए कि वे आतंक से नाता तोड़ें। अन्यथा उन्हें इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। अगर संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं अब भी पाकिस्तानी आतंकवाद को नजरअंदाज करती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब इसका दंश भारत के साथ-साथ दूसरे देशों को झेलना पड़ सकता है। मनुष्य का अस्तित्व कोई अकेले के बस की बात नहीं है। अन्य या दूसरे के साथ सहअस्तित्व जीवन जीने के लिए अनिवार्य है। भारत सतत रूप से एक शांति का आकांक्षी देश ही सिद्ध होता है। वह दूसरे देशों पर आधिपत्य स्थापित करने या कब्जा जमाने की जगह शांति चाहता रहा है। अन्य देशों के साथ परस्पर सहयोग और समर्थन पाने की इसकी चाह रही है। इसी नीति के अनुसार भारत द्वारा आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में एक-दूसरे से परस्पर जुड़ने के प्रयास को सदैव प्राथमिकता दी गई। कलह और संघर्ष में भारत की कभी रुचि नहीं रही। अपने पड़ोसी देशों की ओर से भी भारत इसी भावना की कामना करता रहा है। ऐसी नीति और आचरण के परिप्रेक्ष्य में ही हमारी विदेश नीति भी निर्धारित होती रही है। इसी अपेक्षा के साथ स्वतंत्र भारत शुरू से राजनय में अपने कदम बढ़ाता रहा है, किंतु दूसरों को अपनी ही तरह समझना खामखयाली साबित हुई। इतिहास गवाह है कि इस तरह की नीति के चलते भारत को कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा। स्वतंत्र भारत का एक दशक बीतते-बीतते पड़ोसी चीन द्वारा भाई-भाई के दिखावटी रिश्तों की आड़ में धोखा दिया गया। पाकिस्तान हमारा दूसरा ऐसा पड़ोसी देश है, जो स्वतंत्र होने के बाद से ही लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए है। आतंकवाद, अलगाववाद तथा उग्रवाद को बढ़ावा देना और गतिरोध पैदा करना पाकिस्तान का मुख्य काम रह गया है। पाकिस्तान अपने जन्म के साथ ही भारत के साथ पट्टीदारी जैसी मानसिकता के साथ अविश्वास और द्रोह की भावना रखता आया है। युद्ध छेड़ने के अलावा पाकिस्तान की ओर से भारत की सीमा पर शत्रुता भरी छोटी-बड़ी घटना रह-रहकर अंजाम दी जाती रही है। इसके बावजूद भारत पाकिस्तान के साथ संवाद और सहयोग के लिए सदा तत्पर रहा, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से नकारात्मक रवैया अपनाया जाता रहा है। साथ ही वह भारत के बारे में दुष्प्रचार के साथ छद्म युद्ध भी चलाता रहा है। इसका दुष्परिणाम भी उसे भुगतना पड़ा है। वहां के प्रधानमंत्री लगातार हत्या या फांसी के शिकार होते आए हैं। एक लंबे समय से पाकिस्तान



के अनेक प्रांत अपनी समस्याओं के चलते अलगाववादी राह भी अपनाते रहे हैं। आजकल बलूच समुदाय द्वारा स्वतंत्रता की मांग जगजाहिर है। सच कहें तो आंतरिक अस्थिरता और आपसी मनमुटाव जैसे मुद्दों से वहां की सरकार लगातार जूझ रही है। इसी स्थिति में आतंकवादी तत्व भी सक्रिय होते रहते हैं, जो पाकिस्तान के अंदर और बाहर आतंक मचाने का काम करते हैं। इनके अलग-अलग स्रोत हैं, परंतु इन सबके ऊपर पाकिस्तान सरकार द्वारा आतंकवाद को जायज मानकर अपनाना और पोषित करना खतरनाक पहल है। गत दिनों पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने यह बात खुद स्वीकारी। यह किसी भी सभ्य सरकार के लिए शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पाकिस्तानी सरकार और वहां की सेना आतंकवादी संगठनों को धन, प्रशिक्षण और साजो-सामान से लैस कर तरह-तरह से प्रश्रय देती रही है। ये आतंकवादी भारत की सीमा में आकर कायराना घटनाएं करते रहते हैं। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंकी तीनों का मेल कितना खतरनाक हो सकता है, भारत में होने वाली तमाम आतंकी घटनाएं इसके प्रमाण हैं। मुंबई, उड़ी, पठानकोट, पुलवामा और अब पहलगाम जैसी आतंकी घटनाएं पाकिस्तान की सरकारी दहशतगर्दी की पुष्टि करते हैं। पुलवामा हमले की जिम्मेदारी तो उसके एक शीर्ष सैन्य अफसर ने ली थी। यह अक्षम्य और अस्वीकार्य हैं। भारत सदैव आतंकवाद का विरोध करता रहा है और उसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये उसने यह पाकिस्तान के साथ पूरी दुनिया को जता दिया। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी आतंकवाद को नियंत्रित करने के लिए पहले आर्थिक और राजनीतिक प्रतिबंध लागू किए। फिर पाकिस्तानी आतंकवाद को समाप्त करने की दृष्टि से वहां उनके लिए स्थापित आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों को ठिकाने लगाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार और भारतीय सेना के बेहतरीन सहयोग, तालमेल और समझदारी का बेजोड़ नमूना साबित हुआ। इसके तहत हमारी सेना ने अपनी सटीक कार्रवाई से पहले पाकिस्तान के कई आतंकी अड्डे नष्ट किए, फिर अनेक सैन्य अड्डे। मारे गए आतंकियों के जनाजों में पाकिस्तान सरकार और सेना के कई उच्चाधिकारी भी शामिल हुए। आतंकियों को राजकीय सम्मान के साथ गार्ड आफ आनर भी दिया गया। इसे देखकर अमेरिका सहित विश्व समुदाय की आंखें खुल जानी चाहिए। विश्व समुदाय को पाकिस्तान सरकार और सेना पर दबाव बनाना चाहिए कि वे आतंक से नाता तोड़ें। अन्यथा उन्हें इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। अगर संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं अब भी पाकिस्तानी आतंकवाद को नजरअंदाज करती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब इसका दंश भारत के साथ-साथ दूसरे देशों को झेलना पड़ सकता है। फिलहाल दुनिया पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंक के गठजोड़ पर क्या रुख लेगी, कहना कठिन है। यह अच्छा है कि भारत सतर्क और तत्पर ढंग से सामरिक तैयारी में लगा है। वैश्विक मंचों पर उसकी पोल भी खोल रहा है। आज भारत एकजुट होकर आतंक को समाप्त करने के लिए दृढ़ है। इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। हमारा सूत्र होना चाहिए-न दैन्यं न पलायनम्!

# जिसे देख क्रिकेट सीखा, उसने टेस्ट को कहा अलविदा – मैदान का शेर विराट कोहली

**क्रिकेट टेस्ट मैचों के मुकाबलों में अब विराट कोहली नहीं होंगे। मगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में अब तक उनकी जो जगह बन चुकी है, उसमें इस खेल के हर प्रारूप में उनकी छवि मौजूद होगी। सोमवार को विराट कोहली ने जब सोशल मीडिया पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, तो भारत सहित दुनिया भर में इस खेल में उनके सफर को याद करते हुए उन्हें भावुक विदाई दी गई। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टी-20 मैचों से वे पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अब टैस्ट मैचों में भी नहीं दिखेंगे।**

विराट कोहली के सफर में आए उतार-चढ़ाव उनके प्रदर्शन में कभी बाधक नहीं बने। कभी मैदान में उन्होंने अपनी चमक बिखेरी, तो उसकी चकाचौंध में डूबे नहीं, कभी मद्धिम पड़े तो उससे हारे नहीं। क्रिकेट टेस्ट मैचों के मुकाबलों में अब विराट कोहली नहीं होंगे। मगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में अब तक उनकी जो जगह बन चुकी है, उसमें इस खेल के हर प्रारूप में उनकी छवि मौजूद होगी। सोमवार को विराट कोहली ने जब सोशल मीडिया पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, तो भारत सहित दुनिया भर में इस खेल में उनके सफर को याद करते हुए उन्हें भावुक विदाई दी गई। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टी-20 मैचों से वे पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अब टैस्ट मैचों में भी नहीं दिखेंगे। हालांकि एकदिवसीय मैचों में वे मौजूद रहेंगे। दरअसल, विराट कोहली के उभार के बाद से अब तक देश और दुनिया भर में लोगों ने जिस रूप में उन्हें देखा है, उसमें वे ज्यादातर लोगों के दिमाग में



एक सदाबहार, सहृदय और बेहद सक्षम खिलाड़ी के रूप में स्थिर हो चुके हैं। विराट ने भारत को चालीस टैस्ट मैचों में जीत दिलाई, लगातार नौ टेस्ट श्रृंखला जीतने का कीर्तिमान कायम किया। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में छह दोहरे शतक, बीस शतक और नाबाद 254 रन का कीर्तिमान दर्ज है। विराट कोहली के सफर में आए उतार-चढ़ाव उनके प्रदर्शन में कभी बाधक नहीं बने। कभी मैदान में उन्होंने अपनी चमक बिखेरी, तो उसकी चकाचौंध में डूबे नहीं, कभी मद्धिम पड़े तो उससे हारे नहीं। सन 2014 में इंग्लैंड में एक टेस्ट श्रृंखला के पांच मैचों में दस पारियों में विराट ने महज एक सौ पैंतीस रन बनाए, तब उनकी क्षमता पर सवाल उठाए जाने लगे थे। हालांकि उससे पहले वे अलग-अलग देशों के कई तेज पिचों पर शतक जमा चुके थे और उन्हें तेजी से उभरता सितारा माना जाने लगा था। विराट ने अपने उस प्रदर्शन को सबक के तौर पर लिया, अपनी बल्लेबाजी की तकनीक और कौशल में सुधार लाने के लिए उन्होंने खुद को सख्त मेहनत और अभ्यास में झोंक दिया और फिर ऐसे खिलाड़ी के रूप में उभर कर सामने आए, जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अपनी क्षमता साबित की और खेल के रुख को बदल देने वाले चेहरे के तौर पर मशहूर हुए। अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट क्रिकेट की दुनिया को वे शिद्दत से याद आएंगे।

# बेनकाब हुआ पाकिस्तान, कई प्रमुख एयरबेस ध्वस्त

**ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट और फिर उसके कई प्रमुख एयरबेस ध्वस्त करने की अभूतपूर्व सैनिक कार्रवाई के बारे में हमारे शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने लगातार दो दिन तक जो कुछ बताया, उसके बाद पाकिस्तान के लिए मुंह छिपाना और अधिक कठिन होगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को रेखांकित करना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि पाकिस्तान हमेशा की तरह यह झूठ फैलाने की कोशिश में है कि हमारा कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।**

पाकिस्तान राजनीतिक आर्थिक और अब तो सैन्य मोर्चे पर भी संकट में है। इस संकट से उबरने का एक ही उपाय है और वह है भारत के खिलाफ आतंकवाद का इस्तेमाल बंद करना। जब तक वह वास्तव में ऐसा नहीं करता और खुद को विश्वसनीय नहीं बनाता तब तक उसके प्रति किसी तरह की नरमी नहीं दिखाई जानी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट और फिर उसके कई प्रमुख एयरबेस ध्वस्त करने की अभूतपूर्व सैनिक कार्रवाई के बारे में हमारे शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने लगातार दो दिन तक जो कुछ बताया, उसके बाद पाकिस्तान के लिए मुंह छिपाना और अधिक कठिन होगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को रेखांकित करना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि पाकिस्तान हमेशा की तरह यह झूठ फैलाने की कोशिश में है कि हमारा कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। वह इस झूठ का सहारा लेने में इसलिए नाकाम हो रहा है, क्योंकि ऐसे कोई प्रमाण नहीं दे पा रहा कि वह अपना बचाव सही तरह कर पाया। उसकी सेना ने जो कथित प्रमाण देने की कोशिश की, वे इतने हास्यास्पद हैं कि वह उपहास का पात्र बन गया है। पाकिस्तान को बेनकाब करना इसलिए



भी जरूरी था, क्योंकि कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया माध्यम भी सच से मुंह मोड़ रहे हैं। इसमें तो कोई संदेह नहीं कि भारत ने पाकिस्तान को पस्त कर दिया, लेकिन यह प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या वह सुधरेगा? यह ठीक है कि दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच बातचीत हुई और उसमें सीमा पर तनाव घटाने एवं उकसावे वाली कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी, लेकिन कम से कम भारत उस पर भरोसा नहीं कर सकता और न ही उसे करना चाहिए। अतीत में पाकिस्तान ने सीमा पर शांति बनाए रखने और आतंकवाद से दूरी बनाने के अपने वादों को इतनी बार तोड़ा है कि उस पर आगे से भरोसा करना खतरे से खाली नहीं। इसका भी अंदेशा है कि दोनों देशों के बीच युद्ध सरीखे सैन्य टकराव पर विराम के अमेरिकी राष्ट्रपति के कथित श्रेय से उत्साहित होकर वह कश्मीर का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर सकता है। वह इससे भी परेशान है कि सैन्य कार्रवाई तो थम गई, लेकिन उसके हाथ कुछ भी नहीं लगा और यहां तक कि भारत उन फैसलों पर विचार करने को भी तैयार नहीं, जो पहलगाम की आतंकी घटना के बाद उसके खिलाफ लिए गए। इनमें सबसे कठोर फैसला है सिंधु जल समझौते का स्थगन। भले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने उस पर कृपा दिखा दी हो, लेकिन सिंधु जल समझौते पर विश्व बैंक कोई दखल देने को तैयार नहीं। पाकिस्तान राजनीतिक, आर्थिक और अब तो सैन्य मोर्चे पर भी संकट में है। इस संकट से उबरने का एक ही उपाय है और वह है भारत के खिलाफ आतंकवाद का इस्तेमाल बंद करना। जब तक वह वास्तव में ऐसा नहीं करता और खुद को विश्वसनीय नहीं बनाता, तब तक उसके प्रति किसी तरह की नरमी नहीं दिखाई जानी चाहिए। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से जो कुछ पाया है, उसे संजोकर रखने के लिए पाकिस्तान से सतर्क भी रहना होगा और उस पर दबाव भी बनाए रखना होगा।



# अहमदाबाद में होगा आईपीएल का फाइनल, 17 मई से लीग फिर से शुरू होगी



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का फाइनल और क्वालीफायर 2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। लीग का फाइनल 3 जून को खेला जाना है। एक दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के बचे 13 मैच का शेड्यूल रिलीज किया था। लेकिन प्लेऑफ के वेन्यू डिसाइड नहीं किए थे।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद को 1 जून को होने वाला क्वालीफायर-2 और 3 जून को खेला जाने वाला फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्लेऑफ के वेन्यू नहीं बताने का एकमात्र कारण मौसम है।

बोर्ड शेड्यूल को अंतिम रूप देने से पहले देश भर में मानसून की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। वेदर के मुताबिक अहमदाबाद में जून की शुरुआत में बारिश होने की संभावना नहीं है।

पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को ढ्ढक्क सस्पेंड करना पड़ा था। क्चष्टढ्ढ ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं।

17 मई को ऋष्टक्च और ऋक्र के बीच बेंगलुरु में पहला मैच होगा। जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में बाकी मुकाबले खेले जाएंगे। 27 मई को लीग स्टेज खत्म होगा। 18 और 25 मई को रविवार के दिन 2 डबल हेडर खेले जाएंगे। यानी 11 दिन में लीग स्टेज के 13 मैच होंगे।

पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में 8 मई को होने वाला मैच पाकिस्तान से हुए हमलों के बीच रोकना पड़ा था। यह मुकाबला अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। प्लेऑफ मुकाबलों का वेन्यू फिलहाल तय नहीं है। पहले हैदराबाद और कोलकाता में 2-2 प्लेऑफ मैच खेले जाने थे।


# सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं, विराट के टेस्ट संन्यास के बाद 100 शतकों का रिकॉर्ड अटूट

**नई दिल्ली।** कहा जाता है कि रिकॉर्ड बनते ही हैं टूटने के लिए। हालांकि, क्रिकेट के कुछ रिकॉर्ड ऐसे हैं, जो कालजयी बन जाते हैं। इनका टूटना लगभग नामुमकिन माना जाता है। जैसे 50 से ज्यादा टेस्ट खेलने के बाद डॉन ब्रैडमैन का 99.94 का औसत। इंटरनेशनल क्रिकेट में मुथैया मुरलीधरन का 1347 विकेट का रिकॉर्ड।

विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी इसी फेहरिश्त में शामिल हो सकता है। वैसे सचिन के कारनामे से विराट सिर्फ 18 शतक पीछे हैं, लेकिन टेस्ट को अलविदा कहने के बाद उनके लिए अब 100 शतकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है। स्टोरी में आगे जानेंगे कि ऐसा क्यों है। साथ ही यह भी जानेंगे कि वर्तमान और भविष्य का कोई अन्य बल्लेबाज भी इस नंबर तक क्यों नहीं पहुंच सकता है।

पिछले साल भारत को चैंपियन बनाने के बाद विराट ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने टेस्ट को भी अलविदा कह दिया है। अब अगर उन्हें सचिन के रिकॉर्ड तक पहुंचना है, तो वनडे में ही 18 शतक जमाने होंगे। विराट ने हिंट दी है कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक इस फॉर्मेट में खेलना जारी रख सकते हैं।

विराट वनडे में औसतन हर 6 पारी में एक शतक जमा देते हैं। इस रफ्तार से उन्हें 18 शतक के लिए 108 पारियां खेलनी पड़ेंगी। 2020 से भारत हर साल औसतन 16 वनडे खेलता है। इस लिहाज से अगले वर्ल्ड कप भारतीय टीम मुश्किल से 40-50 मैच खेल पाएगी। विराट अगर सभी मुकाबले खेल लेते हैं तब भी वे ज्यादा से ज्यादा 7 से 8 शतक ही लगा पाएंगे। यानी उनके लिए अब 100 शतक तक पहुंच पाना लगभग असंभव है।



## विराट-अनुष्का प्रेमानंद प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे



**नई दिल्ली।** विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अगले दिन मथुरा के वृंदावन पहुंचे। पत्नी अनुष्का शर्मा भी उनके साथ थीं। दोनों सुबह प्रेमानंद महाराज के केली कुंज आश्रम पहुंचे। दोनों ने प्रेमानंद महाराज को दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। प्रेमानंद महाराज ने विराट और अनुष्का से पूछा- प्रसन्न हो? इस पर विराट ने मुस्कुराकर कहा- हां। महाराज ने दोनों को आशीर्वाद दिया- जाओ, खूब आनंदित रहो, नाम जप करते रहो। इस पर अनुष्का ने पूछा- बाबा क्या नाम जप से सबकुछ पूरा हो जाएगा? महाराज ने कहा- हां, सब पूरा होगा।

**प्रेमानंद महाराज ने विराट-अनुष्का से करीब 7 मिनट बातचीत की**

विराट और अनुष्का मथुरा के होटल रेडिसन में ठहरे हुए थे। दोनों सुबह 7.20 बजे प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक दोनों ने महाराज से करीब 7 मिनट तक अकेले में भी बातचीत की। प्रेमानंद आश्रम की तरफ से इस मुलाकात का पूरा वीडियो भी जारी किया गया है।

प्रेमानंद महाराज के आश्रम से जाने के करीब आधे घंटे बाद विराट-अनुष्का लौटे। आश्रम में 2 घंटे 20 मिनट ठहरकर वे सुबह 9.40 बजे वहां से निकले। इस दौरान दोनों ने आश्रम के कामकाज को देखा-समझा।

## माइक हेसन पाकिस्तान के वनडे और टी-20 के कोच बने



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने माइक हेसन को पाकिस्तान का नया व्हाइट-बॉल कोच बनाया है। हेसन वनडे और टी-20 के हेड कोच बने हैं। न्यूजीलैंड के माइक 26 मई से अपना पदभार संभालेंगे। हालांकि पीसीबी ने उनके कॉन्ट्रैक्ट के बारे में जानकारी नहीं दी।

50 साल के हेसन आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2019-23 में हेड कोच रह चुके हैं। 2012-18 तक वे न्यूजीलैंड मेंस टीम के भी कोच रहे। अभी हेसन पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड को कोचिंग दे रहे थे। इस्लामाबाद यूनाइटेड पीएसएल 2024 की विजेता थी।

पाकिस्तान के अंतरिम कोच आकिब जावेद को बोर्ड ने हाई-परफॉरमेंस डायरेक्टर बनाया है। जावेद पाकिस्तान सिलेक्टर्स टीम का अहम हिस्सा होंगे।

बांग्लादेशी सीरीज से जिम्मेदारी संभालेंगे

पाकिस्तान के कोच के रूप में हेसन का पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज होगी। 25 मई से शुरू होने वाली सीरीज का क्करुरिशेड्यूल होने की वजह से मैच की तारीख में बदलाव होगा।

# बुमराह कप्तानी डिजर्व करते हैं- अश्विन

## बोले- कोहली टेस्ट के ब्रांड एम्बेसडर, उनमें 2 साल का क्रिकेट और बचा था



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जसप्रीत बुमराह भारत के टेस्ट कप्तान बनना डिजर्व करते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के रिटायरमेंट से टेस्ट टीम में लीडरशिप का गैप बनेगा। इसे भरना बेहद मुश्किल होगा।

अश्विन का मानना है कि कोहली के संन्यास से टेस्ट क्रिकेट ने अपना ब्रांड एम्बेसडर खो दिया। उन्होंने जल्दबाजी की, उनमें 1-2 साल का क्रिकेट और बचा था।

**बुमराह कप्तानी डिजर्व करते हैं**

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल एश की बात पर कहा, इंग्लैंड दौरे पर अब भारत की पूरी तरह से युवा टीम जाएगी। जिसमें बुमराह अब सीनियर प्लेयर माने जाएंगे। मुझे तो लगता है कि उन्हें कप्तानी मिलनी चाहिए, वे कप्तान बनना डिजर्व करते हैं। हालांकि, सिलेक्टर्स उनकी फिटनेस को देखते हुए ही फैसला करेंगे। अश्विन ने आगे कहा, रोहित और विराट के संन्यास से टेस्ट टीम में लीडरशिप का बड़ा गैप बनेगा। आप अनुभव को खरीद नहीं सकते, खासकर इंग्लैंड जैसे मुश्किल दौरों पर अनुभव की जरूरत पड़ेगी। विराट की एनर्जी और रोहित का धैर्य याद आएगा।मुझे लगता है कि कोहली में 1-2 साल का टेस्ट क्रिकेट और बचा था। मुझे लगा था कि रोहित इंग्लैंड सीरीज तक जरूर खेलेंगे, क्योंकि उनके चले जाने से टीम में कप्तानी का बड़ा गैप बन जाएगा।

अश्विन ने आगे कहा, पिछले 10-12 सालों से टीम इंडिया के लिए टेस्ट फॉर्मेट बेस्ट रहा। लीडरशिप को ध्यान में रखते हुए रोहित को इंग्लैंड सीरीज तक को खेलना ही था। अगर वे परफॉर्म करते तो आगे भी खेलना जारी रख सकते थे। रोहित का बेस्ट तो मुझे इंग्लैंड में ही नजर आया था, जब उन्होंने 2021 में शतक लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। राहुल और उनकी ओपनिंग ने हमेशा हमें एक कदम आगे रखा। 2019 से 2023 तक टेस्ट में रोहित का बेस्ट देखने को मिला। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया में भी उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

# गिर्राजजी के दर्शन कर लौटे युवक को गोली मारी

## कैलारस कस्बे में सोमवार की रात 10 बजे हुई घटना





**मुरैना/कैलारस।** उत्तरप्रदेश के गोवर्धन में गिर्राजजी महाराज के दर्शन करने के बाद लौटकर कस्बा कैलारस में अपने घर जा रहे युवक को बदमाशों ने घेर लिया। उन्होंने मारपीट करते हुए युवक पर पिस्टल से फायर किया। गोली युवक के सीने में लगी, उसे गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है। घटना सोमवार की रात करीब दस बजे हुई। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में तीन आरोपियों को नामजद किया है। जानकारी के अनुसार कस्बा कैलारस में पहाड़गढ़ रोड पर बैंक वाली गली में रहने वाला मिक्की गोयनर 26 पुत्र विनोद गोयनर 12 मई की रात करीब 9.45 बजे गिर्राजजी के दर्शन करने के बाद कैलारस पहुंचा था। मिक्की अपने घर जा रहा था, रास्ते में विजय धाकड़, नीरेन्द्र सिकरवार, कौशलेन्द्र सिकरवार, मिक्की के चचेरे भाई शिवम गोयनर के साथ मारपीट कर रहे थे, मिक्की ने शिवम को बचाने का प्रयास किया, तभी विजय धाकड़ ने पिस्टल से उसके ऊपर फायर ठोक दिया। गोली मिक्की के सीने में बांयी ओर लगी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। जख्मी हालत में मिक्की को कैलारस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मिक्की की रिपोर्ट पर विजय धाकड़, नीरेन्द्र उर्फ नीरे धाकड़ और कौशलेन्द्र सिकरवार के विरुद्ध बीएनएस की धारा- 296, 115 (2), 109, 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# ज्ञान सेवा सदन में एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन

## 15 से 21 मई तक यंग दि. जैन फाउंडेशन करेगा आयोजन

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** स्वयंसेवी संस्था श्री यंग दिगंबर जैन फाउंडेशन द्वारा 15 मई से एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन जैन धर्मशाला के ज्ञान सेवा सदन में आयोजित किया जा रहा है।

यंग दिगंबर जैन फाउंडेशन के महामंत्री रमाशंकर जैन लाला ने जानकारी देते हुए बताया कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में जोधपुर के एक्यूप्रेशर थेरेपिस्ट डॉक्टर विशाल कुमार, डॉक्टर श्रवण चौधरी, डॉक्टर मनीष चौधरी रोगियों की जांच कर उनका फिजियोथेरेपी द्वारा उपचार करेंगे।

मुरैना की जैन धर्मशाला में 15 मई से 21 मई तक आयोजित शिविर में प्रातः 07.00 बजे से 11.00 बजे तक एवं शाम 05.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक रोगियों का परीक्षण एवं उपचार होगा। एक्यूप्रेशर पद्धति में बिना औषधि के रोगों का उपचार किया जाता है। इस शिविर में पुराना सिर दर्द, बच्चों द्वारा नींद में पेशाब करना, मोटापा, मानसिक तनाव/डिप्रेशन, कमर का दर्द, घुटने का दर्द, ब्लड प्रेशर, शुगर, पेट रोग, जोड़ो का दर्द, लकवा, पेरालेसिस, सोल्डर दर्द, आंख, नाक, गला रोग, साईटिका, कब्ज, गैस, सर्वाइकल दर्द, हाथ पैरों में थकान अथवा सुन्नपन्न आदि रोगों का विशेषज्ञ टीम द्वारा परीक्षण कर उपचार किया जायेगा।



शिविर में सम्मिलित होने वाले रोगियों को पंजीयन कराना आवश्यक होगा। सात दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में सभी रोगियों को यथासंभव सुविधाएं प्रदान की जाएगी। आम जनता से अनुरोध है कि अधिकाधिक संख्या में अपने रोग के अनुरूप एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्राप्त कर शिविर से लाभ प्राप्त करें। शिविर संबंधी अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन कराने हेतु 9340736211 अथवा 9827070960 पर संपर्क कर सकते हैं।

## रिंकू हत्याकांड: 4 आरोपियों पर 5-5 हजार का ईनाम घोषित

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** महाराजपुर में 17 अप्रैल को लाठी, फरसों से मारपीट कर रिंकू पुत्र कैलाशी बघेल की हत्या किए जाने के मामले में नामजद 4 आरोपियों की गिरफ्तारी पर एसपी मुरैना समीर सौरभ ने पांच-पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। इन आरोपियों में विनोद पुत्र श्रीकृष्ण यादव, रिंकू पुत्र राजवीर यादव, लल्लो उर्फ चंद्रप्रकाश पुत्र श्रीकृष्ण यादव और राजवीर पुत्र श्रीकृष्ण यादव सभी निवासीगण बिजलीघर के पीछे महाराजपुर रोड मुरैना शामिल है।

## चम्बल भवन में जनसुनवाई में 10 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

मुरैना। चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर मनोज खत्री के निर्देशन में संयुक्त आयुक्त (विकास) राजेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 10 आवेदकों की समस्याओं को सुना। ये शिकायतें विशेषकर राजस्व, भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, अतिक्रमण से संबंधित पाई गईं थीं।

# गंदगी फैलाने वालों पर लगाए जुर्माना: निगम आयुक्त



**ग्वालियर।** निगम आयुक्त संघप्रिय ने मंगलवार को सुबह शहर के विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखी एवं विकास कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त संघ प्रिय ने सर्वप्रथम वार्ड 18 स्थित आश्रय ग्रीन सिटी में डाली गई पानी की लाइन का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात ग्रीन बोर्ड स्कूल के पास डाली गई सीवर लाइन का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि सभी घरों में सीवर का कनेक्शन हो जाए। इसके उपरांत दीनदयाल नगर स्थित मंगल भवन जॉन कार्यालय का निरीक्षण किया जहां गंदगी एवं अन्य व्यवस्थाओं में लापरवाही पाए जाने पर क्षेत्राधिकारी को फटकार लगाई एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान यूनीपैच फैक्ट्री के पास स्थित नाले को चेक किया तथा नाले में काफी गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना करने एवं तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए एवं संबंधित डब्लू एच ओ को भी नौकरी जारी करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर जानकारी ली गई डब्लू एच ओ द्वारा बताया गया कि तीन सफाई कर्मी बिना सूचना के अनुपस्थित है जिसको लेकर उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही यूनीपैच फैक्ट्री के पास सीवर लाइन से सीवर फैलती हुई पाई जाने पर संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई तथा तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने वार्ड 60 स्थित सुरक्षा विहार कॉलोनी में डाली गई सीवर लाइन का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात शारदा विहार स्थित बावड़ी का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए, आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एपीएस भदौरिया उपस्थित थे।

# दिगंबर जैन समाज ने घर-घर जाकर किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**मुरैना/अंबाह।** शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में दिगंबर जैन समाज, अंबाह द्वारा एक अनुकरणीय पहल की गई। समाज ने वर्ष 2023-24 की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके घर-घर जाकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को समाज के वरिष्ठजनों द्वारा सम्मान-पत्र, श्रीफल, पुष्पमाला और शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। इस अनोखे आयोजन का उद्देश्य न केवल बच्चों की मेहनत की सराहना करना था, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सकारात्मक माहौल तैयार करना भी था। सम्मान पाने वाले छात्रों में एकता जैन (जैन बगीची), वंशिका जैन (सदर बाजार), सार्थक जैन, लवी जैन, अनुकल्प जैन (किला रोड), कनिष्का जैन (मयूर गली), कृति जैन (करौली माता रोड) सहित कई अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहीं।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व शिक्षक महेश चंद जैन ने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि केवल अच्छे अंक लाना ही सफलता की गारंटी नहीं है, बल्कि छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का चयन करना चाहिए। उन्होंने इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून, सिविल सेवा, डिजिटल मीडिया, डिजाइनिंग और कॉमर्स जैसे अनेक क्षेत्रों की जानकारी देते हुए बच्चों को आत्मविश्वास और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में समाज के सक्रिय सदस्य नरेश जैन गुरु ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में शिक्षा के प्रति नई चेतना का संचार करते हैं। यह पहल न केवल मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत कर उच्च प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ मजबूत और सक्षम बन सकें। समाज का दायित्व है कि वह बच्चों को संसाधन, मार्गदर्शन और नैतिक समर्थन प्रदान करे। इस अवसर पर महेश चंद जैन, नरेश जैन गुरु, अमित जैन टकसारी, संतोष जैन, कुलदीप जैन, अजय जैन, पंकज जैन, मनीष जैन, मनीष बीज, आकाश जैन, केपी जैन, आशु जैन, श्रेयांस जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अस्थाई अतिक्रमण हटाकर वसूला जुर्माना

**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले ने मंगलवार को अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। उपायुक्त सतपाल सिंह चौहान ने बताया कि शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत मंगलवार को पूर्व विधानसभा अंतर्गत गरम सड़क मुरार, गणेश मंदिर एवं सदर बाजार पर यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले एवं फूठपाथियो को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों से 4700 का जुर्माना वसूलने के कार्यवाही की गई।



# सोशल मीडिया की पोस्ट पर मचा बबाल हिन्दू संगठन ने कार्यवाही को लेकर एसडीएम को सौपा ज्ञापन

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनुपपुर।** जिले के राजेन्द्रग्राम पुलिस थाने में 08 मई को एक अत्यंत गंभीर एवं सामाजिक सौहार्द को खंडित करने वाली घटना घटित हुई जिसमें सद्दाम खान नामक युवक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज जलाने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में अभद्र, आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर कर प्रतिक्रिया दी गई है। इस देशविरोधी कृत्य का विरोध जब स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा किया गया तो प्रतिक्रिया स्वरूप मुस्लिम समुदाय के एक युवकों सोनू खान ने तलवार से लैस होकर हिंदू कार्यकर्ता के घर में घुसकर हमला करने का प्रयास किया। हिंदू समाज पर हमले एवं देश विरोधी गतिविधियों के संबंध में कलेक्टर के नाम एसडीएम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को 06 सूत्रीय ज्ञापन सौप 24 घंटे के अंदर कार्यवाही की मांग की गई और ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि यह घटना न केवल सामाजिक सौहार्द के लिए खतरा है बल्कि इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक हो गई है। उक्त विषयों पर हम समस्त नागरिक व्यापारीगण एवं सामाजिक संगठन निम्नलिखित बिंदुओं पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है।

कलेक्टर के नाम सौपे गये छः सूत्रीय ज्ञापन के मुख्य बिंदु

(1) सोनू खान पर जिला बदर की कार्रवाई की जाए, सोनू खान पर पूर्व से ही 6 - 7 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। ऐसे अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही नितांत आवश्यक है।

(2) थाना राजेंद्रग्राम में पदस्थ एस आई लियाकत अली को राजेन्द्रग्राम से हटाकर निलंबित किया जाए। उक्त घटना में थाना राजेंद्रग्राम में पदस्थ अधिकारी लियाकत अली द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए मुस्लिम पक्ष को संरक्षण दिया गया है। उन्हें तत्काल हटाकर विभागीय जांच उपरांत निलंबित किया जाए।



(3) आरोपियों पर देशद्रोह व गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज हो, सोनू खान सहित अन्य आरोपियों पर देशद्रोह जानलेवा हमला सामाजिक वैमनस्य फैलाने जैसी गंभीर धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

(4) आदिल खान एवं सद्दाम खान की शीघ्र गिरफ्तारी हो, दोनों आरोपी खुलेआम कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। अतः इनकी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

(5) दीपचंद बर्मन को राजेन्द्रग्राम पुलिस थाने से अन्यत्र स्थानंतरण किया जाए। दीपचंद बर्मन द्वारा पीड़ितों को संरक्षण देने के बजाय उपेक्षा की जा रही है।

(6) देशविरोधी पोस्ट की साइबर जांच कराई जाकर सद्दाम खान एवं आदिल खान द्वारा पोस्ट की गई देशविरोधी सामग्रियों की सूक्ष्मता से साइबर सेल के माध्यम से जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। मांग किया गया कि देशद्रोही बयान जान से मारने की धमकी और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वालों को तत्काल जेल भेजकर एनएसए जैसी धाराओ के तहत कार्यवाही की जाए।

**24 घंटे में नहीं हुई कार्यवाही तो करेंगे आंदोलन**

ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन को चेताया गया कि उपरोक्त सभी बिंदुओं 24 घंटे के भीतर उचित कार्यवाही नहीं की गई तो हम समस्त नागरिक शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। विगत रात्रि पुलिसिया कार्यवाही से नाखुश भीड़ ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाए कि हमले की नीयत से घर तक पहुँचना गला काटने की धमकी देना क्या यही मामूली अपराध हैं? आक्रोशित लोगों ने स्पष्ट किया यदि सख्त धाराएं नहीं लगाई गईं और गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे नगर में जन आंदोलन खड़ा होगा।

**आक्रोशित भीड़ ने लगाया पुलिस पर पक्षपात का आरोप**

वीडियो साक्ष्य मौजूद, गवाह मौजूद धमकियाँ ऑन रिकॉर्ड फिर भी पुलिस कार्रवाई शून्य। आरोपियों पर मामूली धाराएं लगाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हिन्दू संगठन सहित स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस का रवैया पक्षपातपूर्ण है। क्या पुलिस दबाव में है या इरादतन आंखें मूँद रही है? ये वही सवाल हैं जो अब हर नागरिक के मन में कौंध रहे हैं। आरोप है कि थाना राजेंद्रग्राम में एसआई लियाकत अली ने आरोपियों को भागने के लिए उनके गाड़ी की चाभी थाने से दी साथ ही मैनेजमेंट की बाते भी नगर की गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**इनका कहना है**

* पुलिस थाना में लगे सीडीटीवी के फुटेज खंगाले जा रहे है अगर पुलिस की मौजूदगी में आरोपी द्वारा धमकी दी गई है तो धारा बढ़ाकर आरोपी को जिलाबदर की कार्यवाही की जायेगी और उक्त मामले में संलिप्त पुलिस स्टाफ पर भी कार्यवाही की जायेगी।

**इसरार मंसूरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुपपुर**

* हिंदू संगठन के कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा ज्ञापन सौपा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**नवीन तिवारी, एसडीओपी अनुविभाग पुष्पराजगढ़**

आपको बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने (उ.नि.)लियाकत अली का तबादला पुष्पराजगढ़ से थाना करन पठार के लिए कर दिया है।

# ग्राम पंचायत चकेठी में आयोजित हुई ट्रैफिक चौपाल

## - ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता लाने चलाया जा रहा है अभियान

## - स्थानीय सचिव एवं 50 से अधिक ग्रामीण जन रहे उपस्थित

**अनूपपुर।** सड़क दुर्घटनाओ को रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा जन जागरूकता लाने ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक चौपाल के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। उसी क्रम में आज ग्राम पंचायत भवन चकेठी में ट्रैफिक चौपाल लगा कर उपस्थित जन को निम्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई।

***सड़क दुर्घटनाओ के मुख्य कारण***

थाना प्रभारी यातायात ज्योति दुबे द्वारा उपस्थित ग्रामीण जन को बताया गया कि सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारण तेज गति से वाहन चलाना, शराब के नशे में वाहन चलाना, ब्रेकिंग डिस्टेंस ना रखते हुए वाहन चलाना, गलत तरीके से सामने वाले वाहन को ओवरटेक करना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी या माल का वहन कर वाहन चलाना, रोड पर लगे रोड साइन की अनदेखी कर वाहन चलाना, गलत तरीके से रोड क्रॉस करना, नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाना, पर्याप्त नींद लिए बिना अनिद्रा की स्थिति में वाहन चलाना, मालवाहकों में सवारी करना आदि आदि कारणओ से दुर्घटनाएं घटित होती है।

***वाहन चलाते समय आवश्यक सावधानी***

वाहन हमेशा निर्धारित एवं सुरक्षित गति में चलाएं, नशे की हालत वाहन ना चलाएं, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें, रोड पर चलते समय आगे चल रहे वहां से लगभग 3 से 4 मीटर की दूरी आवश्यक रूप से रखें, ओवरटेक करने से बचे आवश्यक होने पर ही सावधानी रखते हुए दाहिने तरफ से ओवरटेक करे।




मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन ना चलाएं, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें

वाहन का समय-समय पर मेंटीनेंस करवाए, जिससे वाहन का ब्रेक फेल होने या टायर फटने से होने वाले एक्सीडेंट से बचा जा सके, अनिद्रा या थकान की स्थिति में वाहन चलाने से बचे, ग्रामीण सड़क से मुख्य सड़क पर आते समय वहां धीमा करें आने जाने वाले वाहनों को देखकर ही मुख्य सड़क पर आए।

***रोड पर पैदल चलते समय आवश्यक सावधानी***

उपस्थित जन को बताया गया कि रोड पर पैदल चलते समय हमें ध्यान रखना चाहिए की रोड की बाएं ओर व्हाइट मार्किंग लाइन के नीचे चले ही चलें, रात्रि के समय उजले रंग के कपड़े पहने तथा मोबाइल फोन की लाइट ऑन कर मोबाइल हाथ में लेकर चले जिससे आप पीछे से आने वाले वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से दिखाई देते रहे। रोड क्रॉस करते समय दोनों और के वहां देखकर क्रॉस करें दौड़कर रोड को क्रॉस ना करें,छोटे बच्चों को भी रोड किनारे या रोड पर खेलने की अनुमति न दे।

***मालवाहक यान में सवारी करना कितना खतरनाक***

अक्सर हम मालवाहक यान जैसे ट्रैक्टर ट्रॉली, पिकअप, मेटाडोर आदि वाहनों में बैठ कर आवागमन करते है। इनका निर्माण सवारियों की सुरक्षा की दृष्टि से नहीं होता, इनके पलटने की संभावनाय है, बहुत अधिक होती हैं, अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य में हुआ एक्सीडेंट जिसमें 13 लोगों की मृत्यु हुई इसके पूर्व शहडोल में एक्सीडेंट जिसमें 04 लोगों की मृत्यु हुई थी। माल यान में सवारी करने के कारण हुए थे, इसलिए ध्यान रखें इन वाहनों को आवागमन के साधन के रूप में उपयोग न करें।

***गुड सेमोरिटन योजना***

उपस्थित जन को बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल तक पहुंचाने वाले व्यक्ति को 5000 रूपए की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है तथा उन्हें नेक व्यक्ति का दर्जा दिया जाता है। आप सभी कभी कोई सड़क दुर्घटना घायल व्यक्ति रोड पर मिलता है तो उसको हॉस्पिटल तक जरूर पहुंचाएं जिससे उसे समय रहते इलाज मिल सके और उसकी जान बचाई जा सके।

***पीड़ित प्रतिकर योजना***

हिट एंड रन के प्रकरण जिम आरोपी एवं वाहन अज्ञात होता है, ऐसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 50000 रुपए तथा दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को 200000 रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। आपके संज्ञान में ऐसा कोई केश आता है तो संबंधित व्यक्ति को इस योजना के तहत एसडीएम कार्यालय में आवेदन करने हेतु बताएं।

***इन्हें बनाया गया ग्राम का ट्रैफिक मित्र***

विकाश कुमार द्विवेदी, राजेश सोनी एवं नारायण प्रसाद सोनी को ट्रैफिक मित्र बनाया गया जो यातायात नियमों के प्रति जन जो जागरूकता एवं सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पुलिस विभाग द्वारा संचालित फिजिकल ट्रेनिंग कैंप की भी दी जानकारी आगामी पुलिस एवं अग्नि वीर भर्ती परीक्षा की तैयारी हेतु पुलिस लाइन परेड ग्राम में संचालित फिजिकल ट्रेनिंग कैंप की भी जानकारी दी तथा सम्मिलित युवाओं को तैयारी की पुलिस विभाग द्वारा दी जा रही निःशुल्क सुविधा के बारे में बताया। ट्रैफिक चौपाल कार्यक्रम में, थाना प्रभारी यातायात ज्योति दुबे, सहायक उप निरीक्षक बृजेश सिंह चौहान, आरक्षक योगेंद्र शर्मा, गणेश यादव ग्राम पंचायत सचिव लालू लाल बैगा एवं 50 से अधिक ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक का 12वीं एवं 10वीं सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम

**अनूपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल नई दिल्ली द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं कथा हाई स्कूल कक्षा दसवीं का सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय वाणिज्य संकाय एवं कला संकाय ह्यूमैनिटी में छात्राओं में सफलता प्राप्त की है। जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के कक्षा 12वीं कुल 78 छात्र-छात्राए परीक्षा में बैठे थे जिसमें 77 छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण किया है एक छात्र पूरक परीक्षा का पात्र रहा। 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 98.70 प्रतिशत रहा है। नंदिनी पैकरा विज्ञान संकाय ने 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण किया तथा अंजली पनिका वाणिज्य संकाय 82 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण रही तथा मातेश्वरी मार्को कला संकाय ह्यूमैनिटी 85 प्रतिशत




अंक लेकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है।

इसी तरह हाई स्कूल कक्षा दसवीं के घोषित परीक्षा परिणाम में कुमारी पुष्पांजलि तिवारी ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है। पुष्पांजलि तिवारी को सामाजिक विज्ञान विषय में पूर्णांक 100 में 100 अंक अर्जित किया है। कक्षा दसवीं हाई स्कूल के परीक्षा में 81 छात्र-छात्राओं में परीक्षा दी थी इसमें 80 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर उत्तीर्ण किया है। एक छात्र पूरक घोषित हुआ है। परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा है। विशेष उल्लेखनीय है कि हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं एवं हाई स्कूल कक्षा दसवीं के घोषित परीक्षा परिणाम में चार छात्राओं ने ही टॉप वन में रहकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। गौरतबल है कि स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के प्राचार्य डॉक्टर एस.के. राय के कुशल मार्ग निर्देशन में अध्ययन अध्यापन के प्रति निरंतर सक्रियता के चलते विद्यालय का परिणाम सर्वोत्तम स्तर पर आया है। इससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विद्यालय के प्राचार्य ने इसका श्रेय अपने सहयोगी, जनों शिक्षकों को दिया है।

# सुरक्षा, सतर्कता और संभावित आपातकालीन परिस्थितियों को दृष्टिगत कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**अनूपपुर।** राज्य शासन द्वारा सुरक्षा संबंधी सतर्कता और संभावित आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली द्वारा वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए जिले में सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों, संस्थाओं तथा आमजन की सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिला अनूपपुर अंतर्गत संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान को जिले की समग्र आंतरिक सुरक्षा योजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है। राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों की निगरानी, धार्मिक स्थलों विशेषकर अमरकंटक स्थित माँ नर्मदा मंदिर की सुरक्षा, बाहरी व्यक्तियों की पहचान और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखना उनके दायित्वों में शामिल है। इसके अलावा, सभी सार्वजनिक स्थलों पर 24×7 निगरानी, विस्फोटक पदार्थों की जांच, सिम कार्ड विक्रेताओं की केवाईसी दस्तावेजों की जांच और साइबर सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य किया गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा को सिविल डिफेन्स अधिनियम 1968 एवं सिविल डिफेन्स रेगुलेशन 1968 में नागरिक सुरक्षा हेतु एनसीसी,




एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद आदि के प्रशिक्षित डिफेन्स वालिन्टियर्स सुनिश्चित करने, सिविल डिफेन्स वालिन्टियर्स का पंजीयन सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. वर्मा को जिले के सभी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाइयों, ऑक्सीजन, और चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। ब्लड बैंक की स्थिति, डोनर सूची, चिकित्सकों की उपस्थिति और निजी अस्पतालों की आपातकालीन सेवाएं भी इसमें शामिल हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी को जिले में खाद्यान्न, पेट्रोल, डीजल और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करनी है। साथ ही, कालाबाजारी और अनावश्यक भंडारण पर नियंत्रण रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। आपदा स्थिति में अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों को आश्रय गृह के रूप में उपयोग किया जाएगा। इसकी व्यवस्था छात्रावास अधीक्षकों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। लोक निर्माण विभाग को सड़क, पुलों की निगरानी और मरम्मत की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल आपूर्ति व हैण्डपंप मरम्मत के निर्देश मिले हैं। विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर मरम्मत और ब्लैक आउट की स्थिति में एसओपी अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सतर्क किया गया है। संचार व्यवस्था के लिए दूरसंचार अधिकारी को मोबाइल और अन्य नेटवर्क सेवाएं चालू रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जनसंपर्क विभाग को शासन के संदेशों एवं अलर्ट को जनमानस तक पहुँचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनूपपुर जिले की सभी नगरपालिकाओं को फायर ब्रिगेड,पेयजल व्यवस्था, सफाई, सायरन व्यवस्था और अलर्ट प्रोटोकॉल लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के सभी प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों को सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी, कर्मचारियों की जानकारी संबंधित थानों में प्रस्तुत करने तथा एसओपी का पालन करने को कहा गया है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 52 आवेदन पत्रों में की सुनवाई



**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 52 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ग्राम खांड़ा तहसील अनूपपुर के ललतु विश्वकर्मा ने ग्राम खांड़ा स्थित पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर बाउंड्री निर्माण व घर निर्माण किए जाने, ग्राम निगवानी तहसील कोतमा के राम सोनी ने संबल योजना का लाभ दिलाने, ग्राम भगतबांध तहसील अनूपपुर के लालमन राठौर ने अनूपपुर बाईपास मार्ग निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहित किए जाने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने, ग्राम भेजरी तहसील पुष्पराजगढ़ के बोधन सिंह ने भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम ठोड़ीपानी तहसील जैतहरी के रजनीश सिंह राठौर ने विद्युत की कमी होने से बायोफ्लॉक तकनीक अंतर्गत मत्स्य पालन में व्यवधान उत्पन्न होने के संबंध में आवेदन दिए।

# मंत्री दिलीप जायसवाल को मंडला जिले के प्रभारी मंत्री का अतिरिक्त प्रभार मिला



**अनूपपुर।** आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल को मंडला जिला का अतिरिक्त प्रभार सौपें है। विदित हो इसके पूर्व श्री जायसवाल सीधी जिले के प्रभारी मंत्री हैं।

# बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन की अभिनेत्री इशिता गांगुली ने कहा, 'चमकीली' मेरे एक्टिंग करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार

**मुंबई।** पिछले 15 सालों से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करा चुकीं एक्ट्रेस इशिता गांगुली ने इस साल अपने करियर में एक नई दिशा को चुना है। टीवी से लेकर फिल्मों और ओटीटी तक, इशिता ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। खासकर उनके प्यारे, चुलबुले और पौराणिक किरदारों के लिए दर्शकों ने उन्हें खूब सराहा। लेकिन इस बार वह चमकीली के रोल में नज़र आ रही हैं, जो उनके लिए अबतक का सबसे डार्क और चुनौतीपूर्ण किरदार है। शेमारू उमंग पर प्रसारित दर्शकों के चहेते शो बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन में इशिता 'चमकीली' का किरदार निभा रही हैं। चमकीली एक ऐसी इंसान है, जो बाहर से मासूम और सलीकेदार दिखती है, लेकिन अंदर से बेहद चालाक, मैनिपुलेटिव और खतरनाक है।

इशिता कहती हैं, 'चमकीली' एक सिक्के की तरह है एक तरफ भोली और सीधी, तो दूसरी तरफ चालबाज और डरावनी। यह किरदार मेरे करियर का सबसे कठिन और डार्क रोल है। इस किरदार में खुद को ढालना मेरे लिए अनुभव से भरपूर है।



अपने अभिनय सफर को याद करते हुए इशिता गांगुली बताती हैं, मैं एक आर्टिस्ट परिवार से हूं। मां गज़ल गायिका हैं, भाई तबला बजाते हैं और भाभी भी गायिका हैं। घर में कला का माहौल था, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्ट्रेस बनूंगी। माधुरी दीक्षित और रेखा जी को देखकर मुझमें पहली बार एक्टिंग का जुनून आया। इस इंडस्ट्री ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है, जो है सब्र करना, हिम्मत रखना और रिजेक्शन को भी पूरे साहस के साथ अपनाना।

नेगेटिव किरदारों को लेकर इशिता बताती हैं, पहले भी निगेटिव रोल्स के ऑफर आए, लेकिन डर लगता था कि कहीं टाइपकास्ट न हो जाऊं। लेकिन चमकीली कुछ अलग है वो लोगों को असहज करती है, उकसाती है और उनकी सच्चाई को सबके सामने लाती है। यही इस किरदार की खूबसूरती है। अगर लोग तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, तो मैं समझ जाती हूं कि मैंने किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाया है। जैसे रणवीर सिंह ने 'पद्मावत' फिल्म में खिलजी का किरदार निभाया वैसे ही कभी-कभी सबसे डार्क किरदार ही आपके करियर को सबसे रौशन बना सकते हैं।

नए कलाकारों को सलाह देते हुए इशिता कहती हैं, इस इंडस्ट्री में सिर्फ टैलेंट से कुछ नहीं होता। आपको उतार-चढ़ाव वाली स्थिति में भी खुद को स्थिर रखना आना चाहिए। तारीफ सुनना, चुप रहना, रिजेक्शन यह सब कुछ खुले दिल से स्वीकार करना आना चाहिए। तभी आप टिक पाएंगे और सही मायनों में आगे बढ़ पाएंगे।

शो के करेंट ट्रैक में अब चमकीली को एक नई साथी तपस्या मिल गई हैं, जिस किरदार को अभिनेत्री मानसी शर्मा निभा रही हैं। दोनों मिलकर अब चैना को हवेली से बाहर करने और चमकीली को ठकुराईन बनाने की साजिश रच रही हैं। ऐसे में देखना होगा कि क्या उनका यह प्लान कामयाब होगा?

अधिक जानकारी के लिए देखिए बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन, हर सोमवार से शनिवार, रात 9 बजे, सिर्फ शेमारू उमंग पर।

## वृंदावन धाम 1 कालोनी के रहवासी सीवरेज एवं कॉलोनी गेट पर जलभराव की समस्या से त्रस्त

देवास। वार्ड क्रं. 2 वृंदावन धाम 1 कालोनी के रहवासी सीवरेज एवं कॉलोनी गेट पर जलभराव की समस्या को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष आवेदन लेकर पहुंचे। रहवासियों ने बताया कि वृन्दावन धाम 1 कालोनी वार्ड 2 में सीवरेज लाइन की समस्या गत 5 वर्षो से बनी हुई है। जिसका आज दिनांक तक कोई हल नहीं निकला है। जिसके कारण पूरी कालोनी की सडको पर सीवरेज का गन्दा पानी वर्षा ऋतु में बहता रहता है, जिसके कारण बीमारियों का प्रकोप वर्षभर बना रहता है, गन्दा पानी खाली प्लाट में भरा रहता है। पूरी कालोनी के चैम्बर फूटे और लीकेज हो गए है। इसके संबध में कई बार नगर निगम के अमले को अवगत कराया गया, किन्तु इस पर कोई कार्य नहीं किया गया, सीवरेज लाइन फुट जाने से कालोनी के निवासियों का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। छात्रो को विद्यालय जाने में समस्या आ रही है। इसके अतिरिक्त वृन्दावन धाम 1 कालोनी गेट के दोनो तरफ पक्का निर्माण होने के कारण थोडी सी बारिश में गेट के रोड पर घुटने-घुटने तक पानी भर जाता है। जिसके कारण कालोनीवासियों को आने-जाने में बहुत परेशानी आ रही है। कई बार लोग वाहन से गिर जाते है। वहीं पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। यदि इन समस्या का शीघ्र हल नहीं किया गया तो कालोनीवासियों द्वारा नगर निगम के बाहर उग्र आन्दोलन किया जायेगा। रहवासियों ने मांग की है कि सीवरेज की समस्या एवं जल निकासी की समस्या का स्थाई हल निकाले।

# देश के लाखों घरों में बड़ी श्रद्धा से हुए गायत्री यज्ञ

## विश्व शांति व सद्भाव हेतु वैश्विक स्तर का पावन पुनीत गृह गृह गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुए

**देवास ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में वैश्विक स्तर पर विश्व के लाखों श्रद्धालु परिजनों ने किए बड़ी श्रद्धा और उमंग के साथ अपने अपने घरों पर गायत्री महायज्ञ साथ ही पड़ोसी, सगे संबंधी एवं मित्रों को भी प्रेरित किया गायत्री महायज्ञ के लिए जिसका उद्देश्य राष्ट्र को स्वस्थ, समर्थ और संस्कारवान बनाना है। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष गायत्री परिवार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा को बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ देशभर में पुनीत गृह गृह गायत्री महायज्ञ अभियान को संपन्न करता आ रहा है, इसी क्रम में इस वर्ष भी बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को देवास जिले की सभी तहसीलों मे पूर्ण उत्साह व उल्लास के साथ इस अभियान को संपन्न किया गया जिसमें देवास तहसील में 1829, हाटपिपलिया 525, कन्नौद 604, बागली 309, सोनकच्छ 117, खातेगांव 1152, सतवास 25, टोंकखुर्द 27, उदयनगर 114 इस प्रकार कुल 4702 घरों में गृह गृह गायत्री महायज्ञ संपन्न हुए । जिला जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे के मार्गदर्शन में जिला कारागार देवास में भी बन्दी भाईयों ने बड़ी उमंग एवं उत्साह के साथ यज्ञ में आहुतियां प्रदान की । कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने यज्ञ के दौरान बन्दी भाईयों से अपने जीवन की बुराइयों की तिलांजलि देने की अपील की जिससे कई बन्दी भाई प्रेरित हुए और उन्होंने बुराई छोड़ अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया । जिला जेल उप अधीक्षक अनिल दुबे ने गायत्री परिवार के इस आयोजन की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया । गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर के आयोजन में संरक्षिका दुर्गा दीदी ने कहा कि पुनीत पावन गृह गृह गायत्री महायज्ञ अभियान का एक ही उद्देश्य है कि घर-घर में गायत्री और यज्ञ पहुंचे जिससे घर का वातावरण शुद्ध, पवित्र और संस्कारवान बन सके । जिला समन्वयक हरिराम जिराती ने कहा कि घर में यज्ञ का प्रभाव महत्वपूर्ण होता है । यज्ञ के माध्यम से यजमान अपनी बुराइयां छोड़ता है और अच्छाई ग्रहण करता है जिससे परिवार देव परिवार बनता है एवं इससे परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी का सपना ष्मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरणष् का लक्ष्य पूर्ण होता है । पुनीत गृह गृह गायत्री यज्ञ अभियान को सफलता तक पहुंचाने में जिले के सभी तहसील प्रभारी गिरीश गुरु, डॉ. राजेंद्र व्यास, हरिप्रसाद पांडे, राजेंद्र शर्मा, पुष्करलाल गुप्ता, आशीष गुप्ता, सुरेश भारद्वाज, रमेशचन्द्र मेहता, रविन्द्र नायक, कुंदन गुप्ता, रमेश नागर, जयप्रकाश नाड़ेकर सहित कई परिजनों का विशेष सराहनीय योगदान रहा ।

# जनसुनवाई में 83 आवेदनों को सुना गया

## माधौगढ़ सीएससी केन्द्र से भुगतान होने पर रामप्रकाश धाकड़ ने जताया आभार



– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक करने के निर्देश है। निर्देशों के तहत 13 मई, मंगलवार को कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में जनसुनवाई जिला मुख्यालय पर हुई। जनसुनवाई के दौरान कुल 83 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 05 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका निराकरण टीएल बैठक में होना संभव था। उन आवेदनों को लोकसेवा प्रबंधक के माध्यम से उत्तरापोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश कलेक्टर ने जनसुनवाई में दिये। कलेक्टर जनसुनवाई कर रहे थे, उस दौरान माधौगढ़ निवासी रामप्रकाश पुत्र लखपति धाकड़ ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया कि वर्ष 2019 में मेरे द्वारा सीएससी माधौगढ़ पर घर-घर जाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ताओं के पोषण ट्रेकर की ट्रेनिंग दी थी। जिसकी मजदूरी का पैसा प्राप्त नहीं हो पा रहा था। रामप्रकाश धाकड़ ने पिछली जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन पर कलेक्टर ने विचार करते हुये जिला मुख्यालय पर सीएससी के प्रबंधक तरूण को निर्देश दिये गये और मेरा पैसा 2019 से रूका हुआ आज मुझे प्राप्त हुआ। श्री धाकड़ ने बताया कि 4800 रूपये पाकर मैं धन्य हो गया। मैं कलेक्टर को आज आवेदन देकर धन्यवाद ज्ञापित करने आया हूं।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, नामान्तरण, बटवारा, राशन, आवास, आंगनवाड़ी, पंचायत विभाग, बीपीएल कार्ड, पात्रता पर्ची सहित कई विभागों के आवेदन प्राप्त हुये, उनको कलेक्टर ने आवेदनकर्ताओं से बारी-बारी से सुना और उनका निराकरण मौके पर ही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, एसडीएम मुरैना, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## आज विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक ने बताया है कि 11 केव्ही फीडर एवं प्री-मानसून रख-रखाव कार्य किये जाने के कारण 14 मई 2025 को प्रातः 10 से दोपहर 01 बजे तक ज्ञानेश्वरी फीडर से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी।

प्रबंधक ने बताया कि पीताम्बरा लॉज से लेकर संग्रहालय तक, पार्वती नर्सिंग होम वाली रोड़, जिला हॉस्पीटल के पीछे वाला क्षेत्र, ज्ञानेश्वरी माता मंदिर वाला क्षेत्र, संजय कॉलोनी चौराह से त्रिवेणी धर्मशाला तक, बजरंग गली, राधा मोहन गली, तिवारी गली, फौंदा कुंआ गली, शर्मा गली और उमेश पाठक वाली गली से संबंधित समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी।

# बालिकाएं आत्मरक्षा के गुर सीखें: रघुराज सिंह कंषाना

### जीवाजी गंज के पार्क में चल रहा है ताईक्वांडों संघ का समरकैंप



– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** 1 मई से 15 जून तक चल रहे जिला ताइक्वांडो संघ समर कैंप जीवाजी गंज स्टेट बैंक के सामने पार्क में पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंसाना के द्वारा ताइक्वांडो आत्मरक्षा समर कैंप में बालक बालिकाओं को आशीर्वाद देने हेतु 12 मई 2025 शाम 6:00 बजे पधारे आपने अपने मुखर बिंदु द्वारा सभी शिविर में भाग लेने वाले बालक बालिकाओं को इस कला में और भी सुधार करने को कहा तथा उन्हें आश्वासन दिया कि आप इस विधा में निपुण हो और स्वयं की रक्षा करने लायक बने क्योंकि हमने आपके लिए मुरैना में प्रशिक्षण देने हेतु ताइक्वांडो की नींव रखने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक मनोज शिवहरे को चुना है जिनके द्वारा मुरैना में एकलव्य खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व उनकी पूरी टीम जिसमें कामिनी शिवहरे, वरुण शिवहरे, सानिया शिवहरे सभी को बहुत-बहुत बधाई दी तथा आश्वासन दिया कि मैं समय-समय पर आकर के देखता रहूंगा। आपको स्वल्पाहार तथा बच्चों को 15 जून समापन के दिन गिफ्ट भी प्रदान करूंगा। साथ में आश्वासन भी दिया मुरैना में किसी भी समाज का कोई भी लड़का अगर गुंडागर्दी करता है, वह बच नहीं पाएगा। अगर किसी प्रकार की कोई भी परेशानी आती हो तो वहां पुलिस के टोल फ्री नंबर पर भी एवं मेरे नंबर पर भी सूचना देकर तुरंत बताएं उसका निराकरण तुरंत किया जाएगा। सभी बच्चों के वहां बैठे हुए पैरेंट्स ने खुश होकर रघुराज सिंह कंसाना को धन्यवाद दिया।

# माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीयन हेतु युवाओं से आह्वान

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** माय भारत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार देश भर के युवाओं से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीयन के लिए सक्रिय युवाओं से आह्वान कर रहा है। जिसके जरिए युवा संकट की स्थितियों प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, आपातकाल और अन्य अनपेक्षित परिस्थितियों में स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए जाने वाले राहत व बचाव कार्यों, निकासी अभियान, प्राथमिक उपचार, ट्रेफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा, पुनर्वास जैसे अभियानों में प्रशासन का सहयोग कर सकते हैं। वर्तमान परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चिंताओं को दृष्टिगत रखते हुए समुदाय आधारित एक मजबूत प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता है। क्योंकि एक प्रशिक्षित और तैयार नागरिक बल की आवश्यकता आज पहले से कहीं अधिक है।

मायभारत अपने ऊर्जावान युवा स्वयंसेवकों के नेटवर्क तथा सभी उत्साही युवाओं से आग्रह करता है कि वे आगे आएं और माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करें। इस पहल में मौजूदा मायभारत स्वयंसेवकों के साथ-साथ वे सभी नवयुवक भी शामिल हो सकते हैं जो राष्ट्र सेवा की इस भूमिका को निभाना चाहते हैं। यह पहल युवाओं में नागरिक उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना विकसित कर उन्हें व्यावहारिक जीवन रक्षक कौशल एवं प्रशिक्षण प्रदान करती है , ताकि वे संकट की घड़ी में तुरंत कार्रवाई कर सकें। पंजीकरण की प्रक्रिया बहुत सरल है । इसे मायभारत के आधिकारिक पोर्टल https://mybharat.gov.in पर जाकर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए मुरैना जिले के युवा न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित नेहरू युवा केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

# लू से बचने के लिये स्वास्थ्य विभाग ने एडवायजरी जारी की

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** लू, ताप, घात से बचाव के लिये मौसम विभाग द्वारा जारी एडवायजरी पर आम लोग ध्यान दें और घर से निकलने से पहले स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि लू के प्रभाव से त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिर दर्द आदि हो सकते है। इसके लिये नजदीकी चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। उन्होंने बताया कि प्रभावित व्यक्ति को बार-बार नहलाए। यदि फफोले निकल आयें तो स्टाइलाइल, ड्रेसिंग करें। चिकित्सक से परामर्श लें - पैर पेट की मांसपेसियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफदेह ऐंठन, अत्यधिक पसीना आये तो चिकित्सक से परामर्श लें। प्रभावित व्यक्ति को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाए।ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उल्टी आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद करे दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।

अत्यधिक थकावट एवं शरीरिक खिचाव - अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जान, मूर्छित हो जाना, उल्टी आना, इसके लिये प्राथमिक उपचार इस प्रकार है।

# ग्रीष्म अवकाश में कार्य के बदले शिक्षकों को दिया जाए अर्जित अवकाश

### मप्र शिक्षक संघ ने स्कूली शिक्षा मंत्री से की अर्जित अवकाश की मांग

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने पर आपत्ति जताते हुए इसके बदले अर्जित अवकाश प्रदान किए जाने की मांग की है। संघ के चंबल संभागीय अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है।

डॉ. सिकरवार ने पत्र में उल्लेख किया है कि शासन के आदेशानुसार 1 मई से प्रदेशभर के विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है, किंतु वास्तविकता यह है कि इन अवकाश के दिनों में शिक्षकों को प्रशिक्षण, सर्वे, नामांकन अभियान एवं अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगा दिया जाता है। यह स्थिति शिक्षकों के अधिकारों का हनन है और उनके विश्राम के अधिकार को भी बाधित करती है।

संघ के अनुसार शिक्षकों को वर्ष में केवल 45 दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश प्राप्त होता है, जबकि अन्य शासकीय कर्मचारियों को सप्ताहांत की छुट्टियों सहित 60 से 70 दिन का अवकाश मिलता है। इसके बावजूद, शिक्षकों को अक्सर अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों में अनिवार्य रूप से संलग्न कर दिया जाता है, और आदेश की अवहेलना करने पर दंडात्मक कार्रवाई की धमकी दी जाती है। यह स्थिति न केवल अनुचित है, बल्कि शिक्षकों के मनोबल को भी प्रभावित करती है।

# कल सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित होगा नारद जयंती कार्यक्रम

### दिवंगत पत्रकार अरुण शर्मा, गिर्राज राजोरिया और श्रीगोपाल गुप्ता की स्मृति में पुरस्कारों की होगी घोषणा

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** आदि पत्रकार देव ऋषि नारद की जयंती के उपलक्ष में नारद जयंती आयोजन समिति हर वर्ष की बात इस वर्ष भी नारद जयंती कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। यह आयोजन 15 मई 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में आयोजित किया जाएगा। नारद जयंती आयोजन के उपलक्ष्य में मुरैना जिले के तीन दिवंगत पत्रकार अरुण शर्मा पहाड़गढ़ के नाम पर आंचलिक पत्रकार सम्मान, श्रीगोपाल गुप्ता मुरैना के नाम पर समसामय की विषयों पर उत्कृष्ट लेखन करने वाले पत्रकार और गिर्राज राजोरिया मुरैना की स्मृति में फोटो वीडियो जर्नलिस्ट एवं सोशल मीडिया पर उत्कृष्ट समाचार लिखने वाले पत्रकारों को पुरस्कार वितरण करने की योजना बनाई गई है जिसमें तीनों दिवंगत पत्रकारों की स्मृति में हर तहसील पर एक-एक कैटेगरी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। इसलिए नाराज जयंती आयोजन समिति जिले के समस्त पत्रकारों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह करती है और कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने एवं दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि देने अवश्य उपस्थित रहें।

# अम्बाह शाखा नहर की आरडी 9261 मी. पर जन भागीदारी एवं जन सहयोग से जंगल सफाई कार्य किया



– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' 30 जून तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर मुरैना जिले में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित है। अभियान में कार्यपालन यंत्री पीएस जाटव के नेतृत्व में अलग-अलग स्थानों पर संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिसके तहत जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीनस्थ जल संसाधन एबीसी उपसंभाग क्रमांक 1 सबलगढ़ के अमीन सोनवीर सिंह भदौरिया, लिजो, श्याम बाथम और अन्य विभागीय मैदानी कर्मचारियों द्वारा सोमवार को ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर की आरडी 9261 मी. पर जंगल सफाई का कार्य जन भागीदारी एवं जन सहयोग से किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों ने विभागीय मैदानी कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया।

## क्षेत्रवासियों को विद्युत ट्रांसफार्मर उच्च गुणवत्ता के मिले जिसकी लड़ाई ऊपर तक लड़ी जाएगी: विधायक दिनेश गुर्जर



– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर मुरैना विधानसभा क्षेत्र के किसान भाइयों, नौजवान साथियों एवं शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की समस्त जनता से अनुरोध किया है कि मैं आप सभी से विनम्र आग्रह करता हूँ कि मुरैना विधानसभा क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा जो ट्रांसफार्मर बदले जा रहे हैं, वे अधिकतर घटिया गुणवत्ता के और नकली सामग्री से निर्मित हैं। किसान बड़ी कठिनाइयों से 10 प्रतिशत राशि जमा करके ट्रांसफार्मर प्राप्त कर रहे हैं। मेरे द्वारा भी क्षेत्र की जनता को बिजली बिल भरने और विभागीय प्रक्रियाओं में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया है। परंतु, यह अत्यंत दुःख की बात है कि विद्युत विभाग द्वारा जो ट्रांसफार्मर दिए गए हैं वो ट्रांसफार्मर 4 दिन, 6 दिन, 10 दिन या एक महीने के भीतर ही खराब हो जाते हैं। जब किसान या ग्रामीणजन विद्युत विभाग के पास शिकायत लेकर जाते हैं, तो उन्हें कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता। क्षेत्र की जनता को निराश होकर लौटना पड़ता है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विद्युत ट्रांसफार्मर कई दिनों तक खराब पड़े रहते हैं और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अंधेरा छा जाता है। जिस कारण क्षेत्र की जनता को इस भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने सोशल मीडिया पर वीडियो के माध्यम से क्षेत्र की जनता से निवेदन किया है कि जिन-जिन लोगों ने ट्रांसफार्मर के लिए राशि जमा की है और जिनके ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो रहे हैं, वे एक आवेदन पत्र तैयार करें। उसमें जमा की गई राशि की रसीद की फोटोकॉपी और ट्रांसफार्मर की खराबी की जानकारी संलग्न करें और आवेदन पत्र मुझे दे। मैं आप सभी क्षेत्रवासियों की लड़ाई को लोकायुक्त से लेकर विधानसभा तक, हर स्तर पर पूरी ताक़त से लड़ूँगा। और कहा कि आपका सहयोग ही मेरी ताक़त है। मैं इस भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ आवाज़ मरते दम तक उठाऊंगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2025/144 मुरैना, दिनांक- 13.05.2025

**// नामांतरण विज्ञप्ती (उजरदारी) //**

नगर निगम, मुरैना के स्वत्व एवं स्वामित्व की विभिन्न स्थानों पर मासिक लायसेंस शुल्क/लीज पर आवंटित फ्लेट/ दुकानों/ भूखण्डों/ चबूतरों के लायसेंसियों/ लीजधारियों के नाम परिवर्तन हेतु म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 80 एवं 366 के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के तहत आपत्ति आमंत्रित करने हेतु निगम राजस्व प्रभारी आदेश अनुसार निम्नानुसार आवेदकों द्वारा मूल लायसेंसी/ लीजधारियों के स्थान पर आवेदकों के नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह यह विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर निगम मुख्यालय के राजस्व शाखा में अपनी आपत्ति सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत न किये जाने पर संबंधित फ्लेट/ दुकान/ भूखण्ड/ चबूतरें पर नियमानुसार नाम परिवर्तन किया जावेगा। जिन फ्लेट/दुकानों/ भूखण्डों/ चबूतरों के लायसेंसियों/ लीजधारियों के नाम परिवर्तन किये जाने हैं, उनका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | भूखण्ड का क्र. | भूखण्ड का पता | मूल आवंटती का नाम | आवेदक का नाम जिसके नाम लीज परिवर्तन किया जाना है | प्रकरण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C3-18 | नगर सुधार न्यास भूखण्ड जौरी | श्री मुनब्वर अली पुत्र श्री बरकत अली | श्रीमती रेवती देवी पत्नी अखे सिंह | |

राजस्व प्रभारी
नगर पालिक निगम, मुरैना



## कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2025 **// नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी) //** मुरैना, दिनांकः- 13.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैं:-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 698/04 नया वार्ड 24 भट्टा वाली गली सुभाष नगर मुरैना | शिवराज सिंह पुत्र रामगोपाल सिंह निवासी भट्टा वाली गली सुभाष नगर मुरैना | उदय सिंह राजपूत पुत्र बैजनाथ सिंह राजपूत | विक्रय पत्र, पटवारी खसरा |
| 2 | 385/26 पुराना वार्ड 2 कान्हा वाली गली गोटेनगर उत्तमपुरा मुरैना | श्रीमती आशा देवी पत्नी जबर सिंह निवासी कान्हा वाली गली गोटेनगर उत्तमपुरा मुरैना | श्रीमती रामश्री पत्नी रामजीत, जोगेन्द्र पुत्र रामजीत, मस्तराम पुत्र रामजीत | विक्रय पत्र |
| 3 | 141/32 पुराना वार्ड 26 कब्रिस्तान मेन रोड गणेशपुरा मुरैना, अंशभाग | मदनमोहन शर्मा, जुगलकिशोर शर्मा पुत्रगण स्व. सुरेन्द्र शर्मा निवासी कब्रिस्तान मेन रोड गणेशपुरा मुरैना | स्व. मातादीन पुत्र ग्यासीराम | मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, पुराना विक्रय पत्र |
| 4 | 148/32 पुराना वार्ड 26 कब्रिस्तान मेन रोड गणेशपुरा मुरैना | सुदीप सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी कब्रिस्तान मेन रोड गणेशपुरा मुरैना | स्व. श्रीमती शांति देवी पत्नी छत्रपाल सिंह | वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति कर्ताओं के शपथ पत्र |
| 5 | 161/11 नया वार्ड 21 बाबा वाली गली इस्लामपुरा मुरैना | श्रीमती शशि वर्मा पत्नी राजेन्द्र वर्मा निवासी सब्जी मण्डी दत्तपुरा मुरैना | श्रीमती बैजन्ती देवी पत्नी गौरीशंकर शर्मा | विक्रय पत्र |
| 6 | 256, वार्ड 23 जाहर सिंह वाली गली तिलक रोड मुरैना | श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी संजीव शर्मा निवासी जाहर सिंह वाली गली तिलक रोड मुरैना | भवानी प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. श्री जगन्नाथ प्रसाद शर्मा | विक्रय पत्र |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 15 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

राजस्व प्रभारी
नगर पालिक निगम, मुरैना


## रेलवे ट्रेक पर मिले युवक की इलाज के दौरान मौत

– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** रेलवे ट्रेक पर घायल अवस्था में पड़े मिले युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ के जवानों ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक से एक अज्ञात युवक को घायल अवस्था में बरामद किया था। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान मंगलवार की शाम 5 बजे युवक की अस्पताल में मौत हो गई। आरपीएफ के दीपेन्द्र भदौरिया के अनुसार मृतक की आयु तकरीबन 25 वर्ष रही होगी। मृतक कौन था, और किन परिस्थितियों में वह घायल हुआ। यह जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड श्योपुर ,(म0प्र0)

दूरभाष कमांक 07530—222185 Email id:- eephed_sheopur@yahoo.com

**// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई—निविदायें On-line आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम— श्योपुर जिले के विकासखण्ड कराहल के ग्राम भेला, वरगवां एवं बाढ (बसाहट/मजरे एवं टोले) में जल जीवन मिशन के तहत नलजल योजना अन्तर्गत आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी एवं सम्पवेल निर्माण, एवं पाईप लाईन बिछाना, नलकूप में समर्सिबल मोटर पंप डालना एवं विद्युत लाईन स्थापित कर मोटरपंप को जोड़ना और पंप हाउस, पाईप लाईन समर्सिबल मोटरपंप कय कर डालना, घरेलू नल कनेक्शन आदि सामाग्री सहित 45 दिवस ट्रायल रन की निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क. | निविदा सूचना कमांक | टेंडर आई.डी. | ग्राम का नाम | कार्य की संख्या | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15/2025—26 दि. 09.05.2025 | 2025_PHED_422211_1 | भेला (बसाहट/मजरे एवं टोले) | 01 | 86.39 | 86390 | 10000 | 04 माह |
| 2 | 15/2025—26 दि. 09.05.2025 | 2025_PHED_422224_1 | वरगवा (बसाहट/मजरे एवं टोले) | 01 | 108.62 | 108620 | 12500 | 04 माह |
| 3 | 15/2025—26 दि. 09.05.2025 | 2025_PHED_422232_1 | बाढ (बसाहट/मजरे एवं टोले) | 01 | 74.94 | 74940 | 10000 | 03 माह |

बिड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक— 10.05.2025 समय 10.30 बजे तक
बिड सबमिशन अंतिम दिनांक— 20.05.2025 समय 17.30 बजे तक
बिड खोलने का दिनांक— 22.05.2025 समय 13.00 बजे तक

नोट— यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेब साइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेब साइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G12829/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
खण्ड श्योपुर (म0प्र0)



## कार्यालय अधीक्षक सब जेल सबलगढ़ जिला मुरैना मध्यप्रदेश

Office phone no.07536252379 Email: jssjsabalgarh@mp.gov.in

क्रमांक /निर्वाह /2025 सबलगढ़ दिनांक

निविदा (ई-टेण्डर) आमंत्रण सूचना(तृतीय आमंत्रण)
वार्षिक ठेका 2025-26

सब जेल सबलगढ में परिरूद्व बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-2026 के लिए खाद्यान सामग्री , सब्जी ,दूध-फल, स्वच्छता सामग्री, भवन, विद्युत, दवाईयॉ अन्य सामग्रीयों को क्रय किए जाने के लिए वार्षिक ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ऑनलाईन निविदा जमा होने की अंतिम तिथि 31.05.2025 शाम 05:30 बजे तक रहेगी ।

इच्छुक व्यापारीगण संबंधित जेल से निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय प्रात: 09:30 बजे से 01:30 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। निविदा की जानकारी https://mptenders.gov.in/ बेवसाईट पर भी उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक 09/05/2025 प्रात: 10:30 बजे से | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सबलगढ |
| 2. | निविदा प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक 10/05/2025 शायं 10:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सबलगढ |
| 3. | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 20/05/2025 दोपहर 11:30 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सबलगढ |
| 4. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय। | दिनांक 31/05/2025 सायंकाल 05:30 बजे | https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 5. | नमूने (सैंपल) जमा करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 31/05/2025 सायंकाल 05:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सबलगढ |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने एवं नमूनों के परीक्षण की तिथि। | दिनांक 02/06/2025 शाम 05:30 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल सबलगढ |

1. निविदा फार्म,ऊपर दर्शित बेवसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किए जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेवसाईट पर देखें।
2. सब जेल सबलगढ द्वारा निविदा में किया गया कोई भी संशोधन https://mptenders.gov.in/ पर ही किया जावेगा, जिसकी सूचना केन्द्रीय जेल ग्वालियर के सूचना चस्पा की जावेगी । पृथ्क से कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

G12789/25

सहायक अधीक्षक
सब जेल सबलगढ(मुरैना)

# सीवर संधारण एवं पेयजल वितरण की समीक्षा की अधिकारियों ने



**ग्वालियर।** शहरवासियों को नियमित रूप से शुद्ध और पर्याप्त पेयजल मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सीवर से संबंधित समस्याओं का निराकरण भी 24 घंटे में हो, यह सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल वितरण की नियमित समीक्षा करें। यह निर्देश निगम आयुक्त संघ प्रिय ने शनिवार को पेयजल वितरण व्यवस्था एवं सीवर संधारण के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए हैं। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ सीवर एवं पेयजल वितरण के लिये कार्य कर रहे ठेकेदारों को भी बैठक में बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने पेयजल वितरण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा है कि नगरवासियों को प्रतिदिन पेयजल वितरण की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इस व्यवस्था के तहत सभी वार्डों में आम लोगों को प्रतिदिन पेयजल मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। जिन क्षेत्रों में पेयजल वितरण में कोई भी समस्या आ रही हो, उसे तत्परता से ठीक कराकर पेयजल वितरण सुनिश्चित कराया जाए। विभागीय अधिकारी पेयजल वितरण के समय अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी लोगों को पेयजल उपलब्ध हो। पेयजल वितरण के समय का भी विभागीय अधिकारी कैलेण्डर तैयार करें। आम लोगों को समय पर पानी मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

**तीन दिन में शिकायत दूर नहीं करने पर संबंधित अधिकारी पर होगी कार्रवाई: निगमायुक्त**

ग्वालियर। निगम आयुक्त संघप्रिय ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अप्रैल माह की शिकायतों को प्राथमिकता से संतुष्टि के साथ बंद करायें। तीन दिवस में अगर सुधार नहीं दिखता है तो संबंधित विभागाधिकारी को नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के निराकरण समय सीमा में नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही प्रकाश, उद्यान, सिविल, सीवेज, जनकल्याण, स्वच्छता आदि की अधिक शिकायतें मिलने तथा उनका निराकरण समय सीमा में नही होने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों को अटेंड नहीं करने पर काफी नाराजगी व्यक्त की। बैठक के दौरान नामांतरण के प्रकरण की समीक्षा के दौरान 10 माह से लंबित प्रकरण मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि नामांकन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें। बैठक में यह भी निर्देशित किया कि वरिष्ठ अधिकारी सुबह क्षेत्र भ्रमण कर स्वच्छता का कार्य देंखे। विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान जीआईएस सर्वे की प्रगति रिपोर्ट देखी इसके साथ ही समग्र ई केवायसी की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया अगली बैठक तक ई केवायसी में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में अन्य कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने वाले अनिरुद्ध को निगम के अधिकारियों ने सम्मानित किया



**ग्वालियर।** छोटी सी उम्र में बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने का जज्बा ग्वालियर के युवा अनिरुद्ध सिंह चौहान ने दिखाया है। मध्यप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में 15 वर्ष आयु युगल वर्ग में गोल्ड ट्रॉफी जीतकर न केवल परिवार का बल्कि ग्वालियर का नाम भी रोशन किया है।

अनिरुद्ध सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिये पिछले कई वर्षों से नगर निगम के एकलव्य खेल परिसर में अपने कोच हिमांशु चौधरी के नेतृत्व में अपने खेल को निखार रहे थे। एकलव्य खेल परिसर में निगम आयुक्त संघ प्रिय को जब जानकारी मिली कि इसी खेल मैदान से अनिरुद्ध ने प्रदेश स्तर पर अपनी उपलब्धि हासिल की है तो उन्होंने अनिरुद्ध को न केवल प्रोत्साहित किया बल्कि नगर निगम के अधिकारियों और कोच को यह भी कहा कि जो भी युवा खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। निगम की ओर से उन्हें हरसंभव सहयोग भी किया जाए, ताकि ग्वालियर के युवा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा के माध्यम से न केवल ग्वालियर का बल्कि प्रदेश और देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

अनिरुद्ध चौहान ने मंदसौर में आयोजित सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर निगम उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी खेल विभाग सतपाल सिंह चौहान, सहायक नोडल अधिकारी सुश्री विजेता चौहान सहित उनके कोच हिमांशु चौधरी और उपस्थित खिलाड़ियों ने तालियाँ बजाकर नवयुवक खिलाड़ी की हौसला अफ्जाई की। अनिरुद्ध चौहान एकलव्य खेल परिसर में खेल रहे युवा खिलाड़ियों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर सटोरिया

**ग्वालियर।** हजीरा थाना पुलिस ने मऊ जमाहर पुल के पास सट्टा खिला रहे एक सटोरिया को पकड़ा है। पकड़ा गया सटोरिया एक रुपए के बदले 80 रुपए का लालच देकर सट्टा खिला रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 4क सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार एवं थाना प्रभारी हजीरा शिवमंगल सिंह सेंगर ने बताया कि पुलिस की टीम को बीती रात हजीरा थाना क्षेत्र में जुआरियों, सटोरियों तथा आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु लगाया गया। इसी दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली कि मऊ जमाहर पुल के नीचे एक व्यक्ति एक रुपये के बदले 80 रुपये का लालच देकर सट्टा ले रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मऊ जमाहर पुल के नीचे पहुंची तो वहां पर पुल की सीढ़ियों पर एक व्यक्ति मुखबिर के बताये हुलिया का दिखा जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस को उसके पास से सट्टा के नबरों की लिखी तीन पर्चियां व 1500 नगदी व एक नीले रंग की डोट पेन मिला। पूछताछ में उसने खुद को जडेरूआ पिण्टो पार्क गोले का मंदिर का होना बताया। पुलिस पकड़े गये सटोरिये के खिलाफ कार्रवाई कर उससे पूछताछ कर रही है।

# अब ग्वालियर वासियों को मिलेगा एक दिन छोड़कर पेयजल, हुआ निर्णय



**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन सभापति मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। विशेष सम्मेलन में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर अनेक निर्णय लिए गए।

निगम परिषद में आयोजित बैठक में आउटसोर्स के माध्यम से अकुशल सफाई श्रमिक उपलब्ध कराये जाने हेतु जारी एनआईटी निरस्त कर नवीन निविदा जारी किये जाने के संबंध चर्चा उपरांत सभापति मनोज सिंह तोमर ने उक्त प्रस्ताव को पुनः अभिमत के साथ भेजे जाने हेतु प्रस्ताव वापिस किया गया। इसके साथ ही नवीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जेसी मिल हजीरा पर विभिन्न खेल गतिविधियों के शुल्क के निर्धारण के संबंध में चर्चा उपरांत सभापति तोमर ने उक्त बिंदु पर नगर निगम आयुक्त के प्रस्ताव पर एमआईसी द्वारा 25 प्रतिशत एवं निगम परिषद द्वारा 25 प्रतिशत कुल 50 प्रतिशत कमी करके एवं एमआईसी शकील मंसूरी एवं पार्षद मनोज राजपूत का डीसेंट नोट करते हुए स्वीकृति प्रदान की।

इसके साथ ही ग्वालियर महानगर में एक दिवस छोडकर जल प्रदाय किये जाने के संबंध में निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत सभापति तोमर ने उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की तथा जिन वार्डों में प्रतिदिन पानी नहीं दे पा रहे हैं उनकी जांच कराकर निगमायुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके बाद एजेंडा समाप्ति की घोषणा की गई। लंबे समय से एक दिन छोड़कर पानी देने की बात की जा रही थी। इसे परिषद ने स्वीकार कर लिया। साथ ही यह भी निर्देश निगमायुक्त को दिये कि जिन वार्डों में प्रति पानी आ रहा है उनकी जांच कराकर एक दिन छोड़कर पानी दिया जाये। जिससे भेदभाव खत्म किया जा सकें।

# कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 107 लोगों की समस्यायें सुनी



**ग्वालियर ।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 107 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। एडीएम टीएन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर सुरेश कुमार बरहादिया व विनोद सिंह एवं एसडीएम ग्वालियर ग्रामीण सूर्यकांत त्रिपाठी ने एक दू एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जनसुनवाई में प्राप्त हुए 107 आवेदनों में से 47 दर्ज किए गए। शेष 60 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए।जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निरूशुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया।

# बुद्ध वंदना और त्रिशरण पंचशील भी कराई, बुद्ध विहार में मनी त्रिगुणी पूर्णिमा





**ग्वालियर।** प्रज्ञा बुद्ध विहार, हस्तिनापुर में भंते अजय शील महाथेरो के नेतृत्व में तथागत बुद्ध की 2569वीं त्रिगुणी पूर्णिमा मनाई गई। यहां सर्वप्रथम भंते जी ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। फिर बुद्ध वंदना एवं त्रिशरण पंचशील कराई गई स इसके बाद सभी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में भंते अजय शील महाथेरो ने कहा कि तथागत बुद्ध ने देश व दुनिया को सत्य व शांति का संदेश दिया। और कहा अपने दीपक स्वयं बनो उनके द्वारा विश्वभर में पहुंचाए गए संदेश आज भी प्रासंगिक होकर,मानव जीवन को प्रकाश की ओर ले जाते हुए सर्वांगीण विकास करते हुए सत्य के मार्ग पर चलने के लिए ह्रदय परिवर्तन कर रहे हैं इस अवसर पर अजाक्स के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतर सिंह जाटव, डॉ. शांतिदेव सिसोदिया, रतिराम राजौरिया, डॉ. अशोक कुमार बरैया, गुलाब मंडेलिया, बेताल सिंह राजोरिया, बालकिशन मौ, गोरेलाल, बेताल सिंह राजोरिया, देव सिंह, सत्यप्रकाश, पूरन सहित चक महाराजपुरा, आरोली, तोर, चक महरौली आदि गांवों के उपासक एवं उपासकाएं उपस्थित थे।

**हुरावली पर तथागत गौतम बुद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर याद किया**

विश्व को शांति का संदेश देने वाले तथागत गौतम बुद्ध की जयंती डॉ भीमराव अंबेडकर स्मारक हुरावली पर धूमधाम से मनाई गई। बुद्ध धम्म उपासकों द्वारा तथागत गौतम बुद्ध को याद कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संभागीय अध्यक्ष महादेव सिंह गोयल, मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह, पूर्व समिति अध्यक्ष हाकिम सिंह, बालकिशन भारती, धनसिंह ठेकेदार, पूर्व समिति कोषाध्यक्ष विजय टेलर, सत्यनारण पांडे, बंटी धनेले, लाल बाबा, बालिक दास महाराज आदि मौजूद थे।

# निगमायुक्त ने सुनी आम नागरिकों की समस्यायें



**ग्वालियर।** निगमायुक्त संघप्रिय ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए आमजनों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया तथा संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

निगम मुख्यालय पर जनसुनवाई के दौरान निगमायुक्त संघप्रिय को वार्ड 6 घासमंडी नौमहिला निवासी सुमित द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की। इसके साथ ही वार्ड 13 कोटा वाला मौहल्ला निवासी धर्मकांत शुक्ला द्वारा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर किए गए पक्के निर्माण को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 42 ऊदाजी की पायगा लश्कर निवासी श्रीमती निशा कालानी ने शिकायती आवेदन में अवैध नामांतरण की कार्यवाही रोकने के संबंध सहित अनेक शिकायतकर्ताओं ने अपने आवेदन निगमायुक्त को दिये। जिस पर निगमायुक्त संघप्रिय द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नामांकन, सडक, पेयजल, अतिक्रमण, सीवर, सफाई सहित अन्य बिंदुओं को लेकर नागरिकों द्वारा लगभग 29 आवेदन जनसुनवाई में लगाए गए, जिनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# शीतल जल सेवा शिविर के सेवार्थियों का हुआ सम्मान





– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ मुरैना द्वारा संचालित निःशुल्क शीतल जल सेवा शिविर रेलवे स्टेशन मुरैना पर निरंतर चल रही है। इस भीषण गर्मी में प्लेटफार्म क्रमांक 1, 2 एवं 3 पर आने जाने वाली ट्रेनों को प्रत्येक बोगी पर जाकर पानी पिलाने का कार्य भारत स्काउट एवं गाइड के सेवार्थी कर रहे हैं। इस कार्य में उनका प्रोत्साहन करने के लिए तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश जिला इकाई मुरैना द्वारा सम्मानित किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष रामनरेश दंडोतिया ने बताया कि इस अवसर पर सभी सेवार्थियों को फूलमाला पहनाकर एवं साफी वितरित कर सम्मानित किया। इसके साथ ही हमारे बीच से सेवानिवृत हुए शिक्षक अजय जैन एवं मुरैना जिले के तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष पर नवनियुक्त नरेंद्र कुमार राजोरिया का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शा. हाई स्कूल जीगनी के प्राचार्य एवं प्रभारी शिक्षा अधिकारी विकासखंड मुरैना हरेंद्र सिंह सिकरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओपी शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर ओपी शर्मा ने बताया कि यह शीतल जल सेवा उस समय से संचालित है जब हम कुआ से पानी खींचकर पिलाया करते थे और आज तक यह अनवरत रूप से चल रही है। इसके लिए मुरैना जिले के जितने भी सेवाभावी दानदाता एवं सेवार्थी बधाई के पात्र हैं। हरेंद्र सिकरवार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हमारे बच्चे एवं शिक्षक और सेवार्थी जो यह परोपकार का कार्य कर रहे हैं यह कार्य वास्तव में ईश्वरी कार्य है। इस अवसर पर शीतल जल सेवा शिविर के सहायक संचालक लाखन सिंह गुर्जर, महेंद्र दंडोतिया, बनवारी, सुरेंद्र दंडोतिया, मनोज शर्मा, डीओसी भिंड वीर सिंह यादव, गीता राम, भूपेंद्र, सियाराम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन रामनरेश डंडोतिया द्वारा किया गया एवं संचालन डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

## अनमोल शिवहरे ने सीबीएसई बोर्ड में 75 प्रतिशत अंक हासिल किए



– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में अनमोल शिवहरे ने 75 प्रतिशत अंक हासिल कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। उल्लेखनीय है कि अनमोल शिवहरे नील वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र हैं तथा हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के नाती एवं उपभोक्ता आयोग वरिष्ठ सदस्य राकेश शिवहरे के सुपुत्र है। अनमोल की इस सफलता पर पूरे परिवार में हर्ष है तथा सभी इष्ट मित्रों द्वारा उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। चर्चा के दौरान अनमोल ने बताया कि नियमित अध्ययन करने के कारण उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई है। मैं प्रयास करूंगा कि भविष्य में और कठिन परिश्रम करूं ताकि और अधिक अंक मिल सकें।

## डॉ. योगेशपाल गुप्ता की सुपुत्री ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम विगत मंगलवार को घोषित किया गया जिसमें डीपीएस विद्यालय की मेधावी छात्र हर्षिका गुप्ता पुत्री डॉ. योगेशपाल गुप्ता निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा ने 95.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। हर्षिका डीपीएस ग्वालियर की मेधावी छात्रा है। उनकी माँ डॉ. नीरज गुप्ता बताती है कि हर्षिका बचपन से ही पढ़ाई के प्रति काफी लगनशील रही है। उनकी इस सफलता पर परिवार जनों एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा एवं इस मित्रों ने बधाई दिए। एक चर्चा के दौरान हर्षिका ने कहा कि लगातार अध्ययन के दम पर कोई भी विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि यदि उन्हें विफलता हाथ लगी है तो वे घबराएं नहीं प्रयास जारी रखें, सफलता अवश्य मिलेगी।

# शिक्षा और संस्कार से बच्चों का होता है समग्र विकासः शिवहरे








– हिन्दुस्तान एक्सप्रेस –

**मुरैना।** आज के समय में बच्चों को शिक्षा और संस्कार की महती आवश्यकता है यह बच्चो के समग्र विकास की आधारशिला होती है। संस्था का यह आयोजन प्रशंसनीय है उक्ताशय के विचार शिविर में विजिटर अतिथि के रूप में उपभोक्ता आयोग के वरिष्ट न्यायिक सदस्य राकेश शिवहरे ने व्यक्त किए। इस अवसर पर विशेष अतिथि नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. जतिन गर्ग ने बच्चों का नेत्र परीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन आशाराम प्रजापति द्वारा किया गया।

भारत विकास परिषद शाखा मुरेना ओर जैन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से 15 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। श्री शिवहरे ने कहा कि बच्चो के गुरु मां ओर शिक्षक होते है बच्चो को इनकी बात का अनुपालन एवम सम्मान करना चाहिए।संस्कार शिविर में बच्चो को योग,गीता पाठ, व्यायाम, राष्ट्रीय गीत, ताईक्वांडों, संगीत, नृत्य, आर्ट एवं गायन आदि सिखाया जा रहा है। यह शिविर नन्हें मुन्ने बच्चो के सर्वोत्तम विकास और समाज के उन्नयन की नींव मजबूत करेगा। शिक्षा ही एक मात्र उज्जवल भविष्य की चाबी है। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद मध्य भारत शाखा के प्रांतीय अध्यक्ष अमित जैन, जिला अध्यक्ष अर्चना शर्मा सचिव रजनी गुप्ता, कोषाध्यक्ष बीना मोदी, शुभा कोठरी, अंजू त्रिवेदी, शिवांस शर्मा, राधिका माहेश्वरी, गौरव मोदी, सौरभ अग्रवाल, आंनद त्रिवेदी, जितेंद्र बंसल सहित अनेक लोग उपस्तिथि थे।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मैं. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं प्रकाशित, आरएनआई नं. MPHIN/2003/09780
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, सहायक संपादक गोपाल सिकरवार 9826949508, महाप्रबंधक श्याम शिवहरे सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरैना न्यायालय होगा।